www.epaper.azadsipahi.in
* ओड़िशा संस्करण
03 नवंबर, 2024
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 16







# प्रचार अभियान में दलों ने झोंकी ताकत

झारखंड में 13 और 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रचार अभियान ने जोर पकड़ लिया है। विभिन्न राजनीतिक दलों ने अब मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। इस प्रचार युद्ध में प्रत्याशी से लेकर प्रदेश स्तरीय और शीर्ष नेता तक जुट गये हैं। सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और अन्य लगातार चुनावी सभाएं कर रहे हैं, तो विपक्षी एनडीए की तरफ से भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी चुनाव प्रचार में जुटे हैं, तो पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी झारखंड आ रहे हैं।

## अमित शाह आज जारी करेंगे संकल्प पत्र

- पीएम नरेंद्र मोदी की कल गढ़वा और चाइबासा में सभा
- शाह की सिमरिया, बरकट्ठा और घाटशिला में सभा आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच रहा है। भाजपा के स्टार प्रचारकों का आना शुरू हो गया है। अगले दो दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य में गरजेंगे। अमित शाह रविवार को भाजपा का संकल्प पत्र जारी करेंगे। इसके अलावा शाह तीन सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को आयेंगे। वह गढ़वा और चाइबासा में जनसभा को संबोधित करेंगे।अमित शाह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक भी करेंगे। चुनाव में पार्टी की धरातल पर स्थिति की जानकारी लेंगे और जीत का मंत्र देते हुए मार्गदर्शन भी करेंगे। भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को मोदी और शाह के कार्यक्रम की पुष्टि की।

**300 यूनिट तक बिजली माफी की घोषणा संभव:** शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि अमित शाह की मौजूदगी में रविवार को झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया जायेगा। गौरतलब है कि भाजपा अपना पांच प्रण जारी कर चुकी है, जिसमें गोगो दीदी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये देने, 500 रुपये में सिलेंडर, रिक्त पदों को भरना आदि शामिल है। सूत्रों की मानें तो भाजपा अपने संकल्प पत्र में इन्हें तो विस्तार देगी ही, साथ ही इसमें 300 यूनिट फ्री बिजली और सवा करोड़ घरों में सोलर ऊर्जा से जोड़ने का ऐलान भी कर सकती है।





### पीएम की सभा की तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

रांची (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 नवंबर को झारखंड आ रहे हैं। वह गढ़वा और चाइबासा में जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी उनके आगमन को लेकर तैयारी में जुटी है। उसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। दोनों जगहों पर पहले चरण में 13 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। गौरतलब है कि भाजपा ने 68 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि शेष सीटों पर गठबंधन के तहत आजसू, जदयू और लोजपा के उम्मीदवार हैं।

### शिवराज ने प्रेस कांफ्रेंस में हेमंत पर ली चुटकी



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह के आगमन की जानकारी देने के साथ-साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर चुटकी ली। साथ ही गठबंधन सरकार पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तो कमाल के जादूगर निकले। वह पांच को सात साल कर देते हैं। पांच साल को दो महीना भी कर देते हैं। वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में उन्होंने (हेमंत सोरेन) अपनी उम्र 42 साल बतायी थी। अब 2024 में उन्होंने अपनी उम्र 49 साल बतायी है। उन्होंने गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने कई वायदे किये थे, उसे पूरा नहीं किया। चौहान ने हेमंत सरकार के चूल्हा खर्चा, बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देने आदि बातों का जिक्र किया।

## केंद्र सरकार के हाथ की कठपुतली बन गया है चुनाव आयोग : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने तोरपा में केंद्र और भाजपा पर निशाना साधा
- भाजपा पर हिंदू-मुस्लिम करने और बांटने का लगाया आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खूंटी के तोरपा में शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने तोरपा से इंडी गठबंधन प्रत्याशी सुदीप गुड़िया के पक्ष में वोट की अपील की। साथ ही केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में इंडी गठबंधन और एनडीए गठबंधन में प्रतिस्पर्धा शुरू हो चुकी है। आपको मालूम नहीं है कि हमारी सरकार का एक महीना और बचा हुआ था, लेकिन चुनाव आयोग ने पहले ही चुनाव कर दिया है। कोई बात नहीं। चुनाव आयोग का अधिकार है। केंद्र सरकार के हाथों में आज कठपुतली की तरह नाचने वाली ये संस्थाएं जब चाहें, जैसा चाहें अपना आदेश सुनाती हैं। अपने विरोधियों को परास्त करने के नये-नये षडयंत्र रचती हैं। पांच साल के इस कार्यकाल में कई बड़े तूफान आये, कई उतार-चढ़ाव हमलोगों ने देखा। जब हमारा काम करने का वक्त तेजी से आगे बढ़ रहा था। तब हमारे कामों को गति ना मिल पाये, इसलिए योजनबद्ध तरीके से चुनाव भी करा रहा है।

**इनका काम घर-घर में लड़वाओ और समाज में जहर घोलो:** मुख्यमंत्री ने कहा कि ध्यान रखियेगा बहुत सारे लोग हिंदू-मुस्लिम, अगड़ा-पिछड़ा, घुसपैठिये और पता नहीं, क्या-क्या बोलेंगे। इनलोगों को कोई काम नहीं है। इनका काम है घर-घर में लड़वाओ, समाज में जहर घोलो, एक समाज दूसरा समाज से लड़े। भाई-भाई से लड़े, बाप-बेटा से लड़े। यही इनकी राजनीति है। व्यापारियों की जमात को गरीब-गुरबा आदिवासी पिछड़ा से कोई मतलब नहीं है। इनको बस पैसा से मतलब है। ये अपने व्यापारी मित्रों का अरबों-अरब माफ कर देते हैं। अभी एक महीना काम करना बाकी था। एक महीना में हम लंबी लकीर खींच सकते थे। इसी डर से एक महीने पहले चुनाव हो रहा है। एक तरफ व्यापारियों की जमात है। इधर हम अकेले इनको रोकने में लगे हैं। ऐसे में आपके आशीर्वाद की जरूरत है। आपके सहयोग की जरूरत है। आपका सहयोग रहा तो हम ऐसे हजारों भाजपा को भगाकर गुजरात भेजने का काम करेंगे। ये शैतान लोग बड़ा चालाक और चतुर है।



### असम में पहचान छीनी, यहां हितैषी बन रहे

हेमंत ने कहा कि इनका कुछ मुख्यमंत्री लोग यहां घूम रहा है। ये लोग बोलता है कि आदिवासी का हितैषी है। हमारे जात बिरादरी के लोग असम में जाकर काम कर रहे हैं। वहां उनसे उनकी पहचान छीन ली गयी है और यहां आदिवासी के हितैषी बनते हैं। यह तपकरा ऐसी भूमि है, जहां अपने हक अधिकार के लिए लोगों ने अलग पहचान बनायी है। राज्य अलग होने के ठीक साल भर के बाद जब भाजपा की सरकार थी, तब तपकरा गोलीकांड हुआ था। उसमें कई लोग शहीद हो गये थे। इस गोलीकांड के विरोध में दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने आंदोलन भी किया। आवाज भी उठायी।

### व्यापारी अमीर और झारखंड गरीब होता गया

हेमंत ने कहा कि यहां की खनिज संपदा से बड़े-बड़े व्यापारी अमीर होते चले गये और हमारे लोग गरीब होते चले गये। पांच साल में ढाई साल कोरोना में चला गया। जब हम आपलोगों के लिए काम करना शुरू किया, तो हमारी टांग खींचना शुरू कर दिया। हमको काम नहीं करने दिया। रोज हमारे विरुद्ध षड्यंत्र रचता था। जब षड्यंत्र से सके नहीं, तो जबरदस्ती हमको जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना में दीदियों ने हमारा साथ दिया था। उसी दिन हमने सोचा था कि महिला दीदियों के लिए हम कुछ करेंगे। इसलिए हमने मंईयां सम्मान योजना शुरू किया। आज लाखों दीदियों के खाते में 1000 हजार जा रहा है। हमने संकल्प लिया है कि अगर हमारी सरकार फिर से बनती है, तो हम हर महिला के खाते में एक लाख पहुंचाने का काम करेंगे। उस एक लाख का पहला पड़ाव दिसंबर से देखने को मिलेगा। जो एक हजार आपके खाते में जा रहा है, वह दिसंबर से 2500 रुपया जाने लगेगा। हमने गरीबों का बिजली बिल माफ किया है। आने वाले समय में 200 यूनिट बिजली भी हमने फ्री कर दिया है। हमारी सरकार ने 20 लाख राशन कार्ड बनाकर आपलोगों के बीच बांटा। केंद्र सरकार महीनों तक सरकारी दुकान से हमलोगों को राशन खरीदने नहीं दिया। ये लोग नया नारा लेकर आया है 13 तारीख को वोट करो और 2100 पाओ।

### डरें नहीं, अधिकार का इस्तेमाल करें

हेमंत ने कहा कि याद रखियेगा 13 तारीख को इस क्षेत्र में चुनाव है। महागठबंधन का अलग-अलग क्षेत्रों में लोग खड़े हैं। कहीं पर हाथ छाप है, तो कहीं पर तीर-धनुष छाप है। पिछली बार पांच चरण में चुनाव हुआ था। इस बार दो चरण में चुनाव है। समय का अभाव रहेगा। जितना बड़े-बड़े राज्य में फोर्स नहीं हैं, उससे चार गुणा फोर्स झारखंड में उतार दिया गया है। इतना सिपाही दिखाकर आपको डराने का कोशिश करेगा। याद रखियेगा कि वोट आपका अधिकार है। ना कोई छीन सकता है, ना कोई लूट सकता है। 13 तारीख को आप सुदीप गुड़िया को वोट देकर जितायें।

## एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, हिंदू बटेंगे तो इरफान और आलमगीर जैसे लोग राज करेंगे : हिमंता

- बंग्लादेशी घुसपैठ और डेमोग्राफी बदलाव पर गरजे तो भाजपा सरकार बनने पर पांच प्रण का किया वादा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पांकी/मनिका।** भाजपा चुनाव प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने पांकी और मनिका में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। यहां लोगों से हिंदुओं को बचाने के लिए भाजपा सरकार बनाने की अपील की। हेमंत सरकार पर बंग्लादेशी घुसपैठ, 2019 में किये वादे को पूरा नहीं करने समेत अन्य मुद्दों को लेकर निशाना साधा। वहीं, एक बार फिर कांग्रेस नेता आलमगीर आलम और इरफान अंसारी को निशाना बनाया। हिमंता ने कहा कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। हिंदू बटेंगे तो इरफान और आलमगीर जैसे लोग राज करेंगे।

हिमंता ने कहा कि झारखंड का बहुत बड़ा हिस्सा है, जिसको हम संथाल परगना के नाम से जानते हैं। संथाल परगाना की 1951 में जनसंख्या 23 लाख 22 हजार थी। इसमें 21 लाख हिंदू जनसंख्या थी। मतलब कुल जनसंख्या का 90 प्रतिशत हिंदू थे और नौ प्रतिशत मुसलमान थे। आज संथाल में मुसलमान 37 प्रतिशत हो गये हैं। मतलब ये है कि हर जगह में मुसलमानों की संख्या बढ़ी है। अगर मुसलमान की संख्या जन्म के कारण बढ़ती, तो कोई बात नहीं, लेकिन झारखंड हाइकोर्ट में केंद्र सरकार ने हलफनामा दायर कर बताया है कि घुसपैठियों के कारण ये जनसंख्या बढ़ी है। हेमंत सोरेन की सरकार घुसपैठियों के खिलाफ कुछ भी काम नहीं करती है, क्योंकि उनको लगता है कि घुसपैठिया हमारे वोट बैंक है। अगर ऐसा ही झारखंड चलता रहा तो कुछ साल बाद झारखंड में हिंदू की आबादी 50 प्रतिशत से भी कम हो जायेगी। ये चुनाव हमारी अस्मिता की लड़ाई है। हमारा ये वादा है कि जैसे ही भाजपा की सरकार बनेगी, कानून का रास्ता अपनाकर घुसपैठियो को लात मार मारकर निकालेंगे। यही हमारा संकल्प है। झारखंड में जो विशेष समुदाय के लोग हैं, वो झामुमो, कांग्रेस और राजद को वोट देते हैं। हिंदू का जो वोट है, वो बंट जाता है। ये विशेष समुदाय का वोट एक भी नहीं बंटता है। झारखंड में अगर सनातन संस्कृति को बचाना है, अगर झारखंड में हिंदुओं को गर्व से रहना है, तो हमें हमारा वोट भी बांटना नहीं है। हमें एक रहना है। अगर हम एक रहेंगे तो हम सेफ रहेंगे।

**हुसैनाबाद का नाम बदलने समेत अन्य वादों को दोहराया:** हिमंता ने कहा कि यह नीलांबर-पीतांबर की भूमि है। बिरसा मुंडा की धरती है। थोड़े दिन पहले मैं हुसैनाबाद गया, तो मैंने पूछा कि हुसैनाबाद नाम कहां से आ गया। मुझे कोई बता नहीं पाया। मेरे इस सवाल से कुछ लोग नाराज हो गये और शिकायत दर्ज करा दी। इस शिकायत से कुछ होने वाला नहीं है। सरकार आयेगी और हम हुसैनाबाद को वीरों के नाम पर रखेंगे और जिला बनायेंगे।


**राज्य सरकार पर साधा निशाना:** हिमंता ने गठबंधन सरकार द्वारा किये वादे का जिक्र करते हुए निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने पिता की कसम खाकर कहा था कि मैं पांच लाख युवाओं को नौकरी दूंगा। किसी को मिला है क्या? आज हम ये वादा करते हैं कि हमारी भाजपा की सरकार बनेगी, तो हम सीजीएल परीक्षा को कैंसिल कर देंगे। नये सिरे से सीजीएल परीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जाते-जाते मंईयां सम्मान योजना लेकर आये हैं। हमारे बुजुर्गों को पेंशन बंद करके मंईयां सम्मान योजना लायी गयी।



### भाजपा सरकार बनने पर 500 रुपये में मिलेगा गैस सिलेंडर : बाबूलाल मरांडी

बाघमारा (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बाघमारा में भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए पार्टी के प्रमुख संकल्पों को साझा किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार बनने पर झारखंडवासियों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जायेगा और साल में दो बार पर्वों के अवसर पर मुफ्त सिलेंडर दिये जायेंगे। मरांडी ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य में 2.87 लाख रिक्त पदों पर नियुक्ति की जायेगी। एक वर्ष के भीतर एक लाख पदों को भरा जायेगा। साथ ही, निजी क्षेत्र में भी पांच लाख रोजगार के अवसर सृजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प में बीए और एमए पास युवाओं को रोजगार भत्ता देने का वादा भी शामिल है। मरांडी ने पीएम मोदी द्वारा गरीबों, किसानों, मजदूरों और ग्रामीण समुदायों के प्रति संवेदनशीलता को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों को आवास, आयुष्मान भारत योजना से 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा और प्रत्येक व्यक्ति को राशन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। आदिवासियों के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने आदिवासी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर उनका सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की अस्मिता की रक्षा और समग्र विकास के लिए इस चुनाव में भाजपा सरकार का बनना आवश्यक है।






## न्यूज रील्स

### मुख्य सचिव अलका तिवारी ने संभाला कामकाज



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने शनिवार को कामकाज संभाल लिया। प्रोजेक्ट भवन स्थित झारखंड मंत्रालय में अपने कार्यालय कक्ष में उन्होंने स्वत: प्रभार लिया। इस अवसर पर झारखंड सरकार के वरीय आइएएस अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। 1988 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी अलका तिवारी ने मौजूद अधिकारियों के साथ बैठक भी की और विकास कार्य को तेजी से करने को कहा, साथ ही जो भी चालू योजनाएं हैं उनका कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। अलका तिवारी राज्य की तीसरी महिला मुख्य सचिव हैं। इससे पहले लक्ष्मी सिंह और राजबाला वर्मा राज्य की मुख्य सचिव रह चुकी हैं। अलका तिवारी ने झारखंड के मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लागू है, इसलिए पद पर रहकर प्राथमिकता बताना उचित नहीं है। जैसे ही सरकार का गठन हो जाता है और सरकार के अनुकूल जनहित में काम करना ही उनकी प्राथमिकता होगी।

### संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से

नयी दिल्ली। 18वीं लोकसभा का पहला शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इसमें वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक समेत कई बिल पेश होने के आसार हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव भी पास किया जा सकता है। 18वीं लोकसभा का पहला मानसून सत्र 22 जुलाई से नौ अगस्त तक चला था। पूरे सत्र में कुल 15 बैठकें हुईं, जो लगभग 115 घंटे तक चलीं थी। सत्र के दौरान सदन की प्रोडक्टिविटी 136% रही।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 03 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# पलामू जिले की पांच विधानसभा सीटों पर खूब होगा झकझूमर

## ■ झारखंड के 'बिहार' की राजनीतिक परिस्थितियां पूरी तरह अलग हैं

## ■ किसी भी दल या प्रत्याशी के लिए आसान नहीं है इस बार का चुनाव

## ■ विकास और पिछड़ेपन के साथ राजनीतिक मुद्दों का भी होगी परीक्षा

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड में राजनीतिक रूप से सबसे जागरूक और संवेदनशील, लेकिन विकास के मामले में सबसे पिछड़े इलाकों में शुमार पलामू अलग राजनीतिक सुर-ताल के साथ चलता है। झारखंड का 'बिहार' कहा जानेवाला पलामू अपनी राजनीतिक चेतना और संवेदनशीलता के कारण अलग पहचान रखता है। इसलिए यहां की राजनीति हमेशा दलों के साथ नेताओं की भी अग्निपरीक्षा लेती है। यही कारण है कि यहां की मिट्टी में पैदा होकर कई लोग देश और प्रदेश स्तर के नेता बने और झारखंड की दशा-दिशा को भी पलामू की धरती से ताकत मिली। लेकिन अब स्थिति बदल रही है। पलामू के लोग अब अपनी पीड़ा को खुल कर बताते हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था के सबसे मजबूत हथियार, यानी वोट से इसे समय-समय पर व्यक्त भी करते हैं। पलामू के लोगों की राजनीतिक जागरूकता का ही प्रमाण है कि यहां कभी किसी एक दल का वर्चस्व कायम नहीं हुआ। चाहे लोकसभा का चुनाव हो या विधानसभा का, पलामू में न तो मुद्दों की कमी होती है और न प्रत्याशियों की। इसलिए पलामू को झारखंड की राजनीति का केंद्रबिंदु भी माना जाता है। इन परिस्थितियों में इस बार का विधानसभा चुनाव भी यहां बेहद रोचक होनेवाला है, क्योंकि पलामू के लोग हर राजनीतिक दल को उसके कामकाज और प्रदर्शन की कसौटी पर कसने के लिए तैयार हैं। जिले की पांच सीटों पर पहले चरण में 13 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। इसलिए यहां प्रचार अभियान के लिए बहुत कम समय बचा है। ऐसे में यह जानना दिलचस्प है कि पलामू जिले की पांच सीटों पर मुकाबले की क्या तस्वीर है और इन सीटों पर कौन से मुद्दे हावी रह सकते हैं। इस बार क्या है इन सीटों का माहौल और क्या हैं इन सीटों के चुनावी मुद्दे, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

करीब 20 लाख की आबादी और तीन जिलों, मेदिनीनगर, गढ़वा तथा लातेहार को मिला कर बनाये गये पलामू प्रमंडल को झारखंड का 'बिहार' भी कहा जाता है। यह इलाका विकास के पैमाने पर पिछड़ा जरूर है, लेकिन यहां की हवाओं में राजनीति की खुश्बू को हर पल महसूस किया जा सकता है। पलामू की प्रति व्यक्ति आय झारखंड के औसत के मुकाबले करीब नौ हजार रुपये कम है। झारखंड की प्रति व्यक्ति आय जहां 63 हजार 754 रुपये प्रति वर्ष है, वहीं पलामू में यह 54 हजार 883 रुपये है। अपनी गोद में 970 किस्म की वनस्पतियों को समेटनेवाली पलामू की धरती आज भी विकास के लिए तरस रही है। पिछड़ेपन का कलंक चस्पां होने के बावजूद पलामू झारखंड की राजनीति के सबसे संवेदनशील इलाके के रूप में चर्चित है। पलामू में विधानसभा चुनाव के मुकाबले की तस्वीर साफ हो गयी है। इस प्रमंडल के तीन जिलों, मेदिनीनगर, गढ़वा और लातेहार में कुल नौ विधानसभा सीटें हैं, जिनमें से अधिकांश पर पुराने प्रतिद्वंद्वियों के बीच ही मुकाबला होना है।

### राजनीतिक रूप से सबसे जागरूक है पलामू जिला

पिछड़ेपन का धब्बा अपने माथे पर लिये पलामू जिला राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील और जागरूक है। यहां के लोगों की राजनीतिक चेतना का प्रमाण यही है कि पलामू आज तक किसी राजनीतिक दल या विचारधारा का गढ़ नहीं बना है। यहां से चुने जानेवाले लोग हमेशा काम की कसौटी पर कसे जाते रहे हैं और यह सिलसिला लोकसभा चुनाव से लेकर पंचायत स्तर तक के चुनाव में जारी रहता है। इसलिए पलामू को कोई भी दल या प्रत्याशी हलके में लेने की भूल नहीं करता है।


### क्या है पलामू का राजनीतिक परिदृश्य

पलामू की राजनीति में धुरंधर माने जानेवाले नेताओं के राजनीतिक रिश्ते बनते-बिगड़ते रहे हैं। पलामू हमेशा से राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील और जागरूक रहा है। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से पलामू के राजनीतिक मैदान का स्वरूप पूरी तरह से बदल गया है। कोयल और बटाने नदी में बहुत पानी बह चुका है। पुराने स्थापित नेताओं की सक्रियता कम हुई है, तो नये चेहरों ने उस खालीपन को भरा है। पूरे देश की तरह यहां की राजनीति में भी आक्रामकता का बोलबाला बढ़ा है। झारखंड में सत्ता की राजनीति में जबदस्त दखल रखने वाले पलामू जिले में विधानसभा की पांच सीटें हैं। इनमें डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, भवनाथपुर और पांकी शामिल हैं। इन सभी सीटों पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है।

### क्या है विधानसभा चुनाव का परिदृश्य

पलामू जिले की पांच विधानसभा सीटों को लेकर चुनावी समीकरण की तस्वीर अब साफ हो गयी है। इस तस्वीर से एक बात साफ हो गयी है कि अधिकांश सीटों पर इस बार भी हालांकि मुकाबला पुराने प्रतिद्वंद्वियों के बीच ही है, लेकिन कोई भी मुकाबला किसी भी दल या प्रत्याशी के लिए आसान नहीं है। हर सीट पर वोटों की छीना-झपटी को लेकर दलों और उम्मीदवारों के बीच झकझूमर शुरू है। हर विधानासभा क्षेत्र में जनसंपर्क शुरू हो गया है। जिले की सभी पांच सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी मैदान में हैं, जबकि सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन के दो घटक दलों, कांग्रेस और राजद में दो सीटों, विश्रामपुर और छतरपुर में दोस्ताना संघर्ष की स्थिति है। सत्तारूढ़ गठबंधन में कांग्रेस ने डाल्टनगंज, पांकी और विश्रामपुर सीट पर प्रत्याशी उतारा है, जबकि राजद ने हुसैनाबाद और छतरपुर के साथ विश्रामपुर में प्रत्याशी दिया है।


आलोक चौरसिया


रामचंद्र चंद्रवंशी


शशिभूषण मेहता


पुष्पा देवी


कमलेश सिंह

### डाल्टनगंज: एक बार फिर चौरसिया बनाम त्रिपाठी

पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय डाल्टनगंज का विधानसभा क्षेत्र शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में फैला है। यहां 2019 की तरह भाजपा के आलोक चौरसिया और कांग्रेस के केएन त्रिपाठी एक बार फिर आमने-सामने हैं। झारखंड की राजनीति के दिग्गज इंदर सिंह नामधारी के पुत्र दिलीप नामधारी तीसरा कोण बनाने की कोशिश में मैदान में उतरे हैं। यहां का सामाजिक समीकरण ऐसा है कि हर वर्ग हर दल या प्रत्याशी को भरोसा दिलाता है। यहां ब्राह्मण, राजपूत और कायस्थ के अलावा ओबीसी में वैश्य और बरई निर्णायक हैं। पिछली बार आलोक ने 21 हजार 517 वोटों के अंतर से त्रिपाठी को हराया था। वोट शेयर के मामले में त्रिपाठी को चौरसिया से करीब 10% वोट कम मिले थे। भाजपा ने इस बार भी ओबीसी और सामान्य वोटरों की गोलबंदी की है। कांग्रेस को अपने आधार वोटरों पर भरोसा है।

### छतरपुर में पुष्पा देवी के पास इतिहास बनाने का मौका

छतरपुर का चुनावी इतिहास बताता है कि यहां से कोई दोबारा नहीं जीतता। इस बार भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी के लिए यह चुनौती है और अवसर भी। यहां राजद और कांग्रेस के बीच दोस्ताना संघर्ष हो रहा है, इसलिए भाजपा के लिए रास्ता आसान दिख रहा है। पिछली बार पुष्पा ने राजद के विजय कुमार को 26772 से हराया था। उनका वोट शेयर 22.93% था। इस बार भी पुष्पा के सामने राजद के विजय कुमार ही हैं। पिछली बार आजसू के राधाकृष्ण किशोर को 16 हजार वोट मिले थे। इस बार वह कांग्रेस प्रत्याशी हैं। वे यहां से पांच बार विधायक रहे हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में भुइयां और अनुसूचित जाति के मतदाता निर्णायक संख्या में हैं। वैसे यादव, ब्राह्मण और भूमिहार भी यहां अच्छी संख्या में हैं।

### विश्रामपुर में भाजपा के पास हैट्रिक लगाने का मौका

चंद्रवंशी और यादव बहुल विश्रामपुर में इस बार भाजपा के रामचंद्र चंद्रवंशी के पास हैट्रिक लगाने का मौका है। इस बार के चुनावी मैदान में वह सबसे उम्रदराज प्रत्याशी हैं। पिछली बार चंद्रवंशी ने 8513 वोटों से बसपा के राजेश मेहता को हराया था। उनका वोट शेयर 21.59% था। पिछली बार निर्दलीय लड़े नरेश सिंह इस बार राजद के उम्मीदवार हैं। वह पिछली बार तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार उन्हें सीधी टक्कर में माना ज रहा है। कांग्रेस ने भी इस बार सुधीर चंद्रवंशी के रूप में अपना उम्मीदवार उतारा है।

### पांकी में शशिभूषण मेहता के सामने लाल सूरज

कभी नक्सलवाद के लिए पूरे देश में चर्चित पांकी का सामाजिक समीकरण आज भी बहुतों को समझ में नहीं आता है। यहां अगड़े-पिछड़े के संघर्ष से प्रभावित सैकड़ों परिवारों ने अपना घर छोड़ दिया था। पर अब स्थिति वैसी नहीं है। जातीय संघर्ष वाले इस क्षेत्र में पहली बार 2019 में भाजपा जीती। उससे पहले यह क्षेत्र कांग्रेस के विदेश सिंह के प्रभाव वाला माना जाता था।

2019 में भाजपा के शशिभूषण मेहता ने 37 हजार 190 वोटों के अंतर से कांग्रेस के देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह को हराया था। इस बार बिट्टू की जगह लाल सूरज को कांग्रेस ने टिकट दिया है। बिट्टू इस बार निर्दलीय हैं। शशिभूषण ने अपने कार्यकाल में पांकी को कई सौगात दी है। इसलिए कहा जा रहा है कि उनकी राह बहुत मुश्किल नहीं है।

### हुसैनाबाद में पाला बदलनेवाले कमलेश सिंह की परीक्षा

हुसैनाबाद बहुकोणीय संघर्ष वाला क्षेत्र है। भाजपा यहां 1990 के बाद नहीं जीती है। 2005 में 34 वोटों से कमलेश सिंह जीते थे। पिछली बार भी वे 9849 वोट के अंतर से जीते थे। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजद के संजय सिंह यादव थे। पिछली बार एनसीपी के उम्मीदवार रहे कमलेश सिंह इस बार भाजपा के प्रत्याशी हैं। राजद के संजय और बसपा से शिवपूजन मेहता भी मैदान में हैं। पिछली बार भाजपा के समर्थन से चुनाव मैदान में उतरे विनोद सिंह इस बार निर्दलीय लड़ रहे हैं। भाजपा के ही कर्नल संजय सिंह भी बागी बन कर चुनाव मैदान में हैं। हुसैनाबाद में राजपूत और यादव मतदाता निर्णायक संख्या में हैं।

### सब कुछ देख-सुन रही है जनता

चुनावी मैदान में उतर कर विधानसभा के भीतर प्रवेश पाने की कोशिश में लगे इन प्रत्याशियों और उनके दलों को पलामू की जनता बड़े गौर से देख-सुन रही है। पूरे जिले में यह चर्चा आम है कि इस बार भी वोट का आधार नाम नहीं, काम को ही बनाया जायेगा। ऐसे में सभी सीटिंग विधायकों को उनके काम की कसौटी पर कसा जायेगा। इन सभी के सामने अपनी उपलब्धियां गिनाने की चुनौती है। दूसरी तरफ उन्हें चुनौती देनेवालों के सामने अपनी बात को साबित करने का चैलेंज है।

# सुदेश ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

**भाजपा, आजसू कार्यकर्ता आपस में एकजुट और समन्वय बना के पाकुड़ सीट पर जीत दिलायें**

**कार्तिक कुमार**




**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** शनिवार को पाकुड़ पहुंचे सुदेश महतो ने भाजपा और आजसू के कार्यकर्ताओं के संग अलग-अलग बैठक की। उन्होंने कार्यकताओं को आपसी समन्वय बनाकर पाकुड़ सीट फतह करने का मंत्र दिया। आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम ने सुदेश महतो का स्वागत किया। इसके बाद सुदेश होटल आरके पैलेस पहुंचे, वहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि पाकुड़ सीट पर हर हाल में जीत दिलाना है। कार्यकर्ताओं को भाजपा के मालदा के सांसद खगेन मुर्मू ने भी संबोधित किया। सुदेश होटल आरके पैलेस से निकलकर पाकुड़ बस स्टैंड स्थित आजसू के कार्यालय में पहुंचे, वहां उन्होंने आजसू के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक-एक पंचायत के एक-एक बूथ छह-छह कार्यकर्ता डट कर वोटिंग करायें ताकि हमारी जीत सुनिश्चित हो। सम्मेलन को पार्टी के प्रत्याशी अजहर इस्लाम, भाजपा के जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय, पाकुड़ विधानसभा प्रभारी निवास मंडल, रोहित पांडेय, कुसुमाकर तिवारी, चतुरानंद पांडेय, हिसाबी राय, अनुग्रहित प्रसाद शाह, जयंत घोष, उपेंद्र सिंह, संपा शाह, आलोक जयपाल, भास्कर पांडेय, आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने भी संबोधित किया।

## Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **YOGENDRA PRASAD**

Name of political party: **JMM**

Name of Election : **Legislative Assembly, Jharkhand.**

Name of Constituency :**34, GOMIA**

I **Yogendra Prasad** (Name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information of following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | N.A | N.A | N.A | N.A |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) & punishment inposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| N/A | The Sub-divisional Judicial Magistrate, Ramgarh, Case-53/2010, Dated-31.01.2018 | U/s -414, 120(B) of Indian Penal Punishment- 3years & Rs. 5000 penalty | 3years & Rs. 5000 penalty<br>Note-This case (53/2010) was disposed off on 07.01.2020 & I am acquitted from all charges) Criminal Appeal-06/2018 Court-Principle District & Sessions Judge, Ramgarh. Date of disposal-07.01.2020 Nature of order passed- Acquitted from all charges |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concern

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.6 °c | 17.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.54 बजे |

## निर्दलीय प्रत्याशी अमित शर्मा सहित कई लोग भाजपा में हुए शामिल

# झारखंड में एनडीए और भाजपा की लहर चल रही : हिमंता बिस्वा सरमा

**हेमंत सरकार की वजह से झारखंड पर खतरा मंडरा रहा है : डॉ रविंद्र राय**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने निर्दलीय प्रत्याशी अमित शर्मा सहित अन्य को भाजपा की सदस्यता दिलायी। इस अवसर पर भाजपा के चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड में एनडीए और बीजेपी की लहर है। झारखंड चुनाव की घोषणा के बाद पार्टी के कई नेताओं ने निर्दलीय के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। पार्टी में नाराजगी होती है। हम लोग सभी से बातचीत कर उनकी नाराजगी दूर कर रहे हैं। इस दौरान कई सदस्य बाहर निकल गये थे। उन्हें भी दोबारा पार्टी में लाने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि अमित शर्मा और उनका परिवार झारखंड की संस्कृति की सुरक्षा के लिए लगातार काम करते हैं। अमित शर्मा ने निर्दलीय प्रत्याशी से नामांकन वापस ले लिया है। इनके भाजपा से जुड़ने से सिंहभूम में पार्टी को बहुत ताकत मिलेगी। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने कहा कि परिवार में कभी-कभी मतभेद हो जाता है और अपने लोग बिखर जाते हैं। कहीं ना कहीं भाजपा और उसकी विचारधारा से जुड़े हुए सभी लोगों की पार्टी में वापसी हुई है। वर्तमान सरकार की वजह से झारखंड पर खतरा मंडरा रहा है। झारखंड को बचाने के लिए फिर से सभी भाजपा के साथ जुड़े हैं। शामिल होने वाले रामनारायण ने कहा कि झारखंड में परिवर्तन की लहर है। उन्होंने कहा कि परिवार में वापस आकर आनंदित महसूस कर रहा हूं। अब अंतिम क्षण तक भारतीय जनता पार्टी में रहूंगा। पार्टी की ओर से जो जवाबदेही दी जायेगी, उसे पूरा करूंगा। पूरे राज्य में घूम कर पार्टी को जीतने का काम करूंगा। आज झारखंड और देश में भारतीय जनता पार्टी की जरूरत है। इस अवसर पर पार्टी में निर्दलीय प्रत्याशी अमित शर्मा, भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामनारायण शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी पप्पू राव, भारतीय जनतंत्र मोर्चा के महेश सहित विजय नारायण, नवीन कुमार, गोल्डेन पांडेय, श्रवण पासवान, विभीषण गोप, नीरज कुमार ओझा, सत्य प्रकाश, बच्चन सिंह, संदेश तिवारी, हरेंद्र पांडेय सहित अन्य शामिल हुए।

# पीएम और गृह मंत्री झारखंड का बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ लौटा दें : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर से राज्य के बकाये की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि गृह मंत्री, प्रधानमंत्री झारखंड आ रहे हैं। मैं पुनः उनसे करबद्ध प्रार्थना करता हूं कि हम झारखंडियों का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये हमें लौटा दें।

हेमंत सोरेन ने लिखा कि झारखंड एवं झारखंडियों के विकास के लिए यह राशि अत्यंत आवश्यक है। मैं भाजपा के साथियों, खास कर के सांसदों से भी अपील करूंगा कि वे हम झारखंडियों के इस बकाये को दिलाने में हमारी मदद करें।

# हेमंत सोरेन जेल गये, पर झुके नहीं: कल्पना

**चंदवा के जमीरा पंचायत के खेल मैदान में चुनाव सभा को किया संबोधित**

**झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी बैद्यनाथ राम के समर्थन में की सभा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार चंदवा के जमीरा पंचायत के खेल मैदान में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने चुनावी सभा की। वहीं मंच का संचालन दीपू कुमार सिन्हा ने किया। कल्पना सोरेन ने कहा कि हम झारखंडियों को बाहरी लोगों से बचाना है। मोदी सरकार ने हेमंत सोरेन सरकार का बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये आज तक नहीं दिया। बकाया राशि की मांग कि तो हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया। जेल में रहने के दौरान ही मंईयां सम्मान योजना जैसे कई योजना को धरातल पर उतारने का कार्य किया गया। जब भाजपा की सरकार झारखंड में थी तो उनके द्वारा 250 रुपये वृद्धा पेंशन दी जाती थी। जब झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनी तो उनके द्वारा सभी लोगों को एक हजार की राशि दी गयी। आज सभी झारखंडियों को उनके खाते में पैसा जा रहा है। जो आप सभी लोग को मिल भी रहा है। भाजपा की सरकार अगड़ा, पिछड़ा, आदिवासी-मूलवासी करके लड़ाई लगवाने का काम किया और झारखंड को लूटने का काम किया। हेमंत सोरेन ने आप सब के बारे में सोचा और फैसला लिया कि सभी झारखंडियों का केसीसी ऋण माफ किया, बिजली बिल माफ करने का काम किया। जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि झारखंड में सरकार आपको बनानी है। अपना मत देकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी बैद्यनाथ राम को भारी बहुमत से जितायें। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि झारखंड में जब से हेमंत सोरेन की सरकार बनी है। तब से झारखंड के लोगों को यह पता चला है कि यह हमारी सरकार है। इस अवसर पर जुनैद अनवर, समसूल होदा, अरुण दुबे, शीत मोहन मुंडा, पप्पन खान, विनोद उरांव, डब्ल्यू प्रजापति, ब्रह्मदेव प्रजापति, सुशील यादव, असगर खान, धनराज यादव, लच्छू टाना भगत, अंकित तिवारी समेत बड़ी संख्या इस चुनावी सभा में दूर दराज से लोग आये हुए थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कुछ जरूरी काम-काजके प्रसंग उत्साहित करेंगे,प्रभावशाली माध्यम से लाभ।
- **वृष** — ऑफिस में किसी तरह की मीटिंग को नजरअंदाज करने की कोशिश न करें।
- **मिथुन** — कार्यक्षेत्र का माहौल शांतिपूर्ण रहेगा,परिश्रम-प्रयत्न से प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूल बनेगी।
- **कर्क** — सामाजिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ,विपरीत स्थितियों में सुधार होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधा मिलेगा।
- **सिंह** — आज का दिन अनुकूल एवं शुभ फलदायक है,चारों ओर से लाभदायक समाचारों की प्राप्ति।
- **कन्या** — निराशा दूर होगी,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास,वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा ।
- **तुला** — परिश्रम का पूरा फल मिलेगा, मधुर वाणी व चतुराई से आप अपने काम बना लेंगे।
- **वृश्चिक** — महत्वपूर्ण काम पूरा होगा,आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।
- **धनु** — नवीन योजनाएं कार्यान्वित होंगी,कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, वाक्-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे।
- **मकर** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। कर्मक्षेत्र में नये विरोधियों से नयी कठिनाइयां उत्पन्न हो सकता है।
- **कुंभ** — बेरोजगारों को रोजगार का साधन उपलब्ध होंगे। राजकीय सेवा से जुड़े लोगों का स्थानांतरण होने की संभव हो सकेगा।
- **मीन** — बुद्धि-चतुरता से कर्मक्षेत्र में जटिल समस्या का समाधान मिलेगा, आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.in

# केंद्र ने 1000 करोड़ की वित्तीय सहायता का भेजा था प्रस्ताव, हेमंत ने नहीं दिखायी रुचि : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन पर फिर निशाना साधा है। कहा है कि पर्यटन क्षेत्रों को विकसित कर लाखों रोजगार सृजित करने के लिए केंद्र सरकार ने 1000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा था। लेकिन दुर्भावना से ग्रसित हेमंत सोरेन ने इस प्रस्ताव के लिए कोई योजना भेजने में रुचि नहीं दिखायी। अनुमानित था कि इस प्रस्ताव के माध्यम से 10 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होने थे और झारखंड के पर्यटन क्षेत्र में लगभग 15% की वृद्धि दर्ज होती। पर हेमंत सोरेन ने 10 हजार युवाओं की नौकरियों और राज्य की प्रगति को दांव पर लगा दिया।

**कई स्कीमों को अहंकार के चलते ठुकरा दिया :** बाबूलाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में आगे लिखा है कि 5 सालों में ऐसी सैकड़ों स्कीमें हैं, जिसमें हेमंत सोरेन सरकार ने केंद्र सरकार से मिलने वाली मदद को अपने अहंकार के चलते ठुकरा दिया। जहां एक ओर प्रतिवर्ष 5 लाख नौकरी के झूठे वादे ने युवाओं की कमर तोड़ दी, वहीं दूसरी ओर अहंकार और झारखंड विरोधी सोच ने लाखों नौकरियों की संभावनाओं को हकीकत में लागू होने से पहले ही मिट्टी में मिला दिया। इस नकारात्मक राजनीति ने झारखंड के लाखों परिवारों को पलायन, बेरोजगारी और भुखमरी का दंश झेलने को मजबूर कर दिया है।

**राज्य सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहा नशे का व्यापार**

राज्य सरकार के संरक्षण में चोरी, अपहरण, हत्या, बलात्कार, बालू तस्करी, अवैध खनन और नशे का व्यापार फल-फूल रहा है। झारखंड में हर दिन 173 चोरी, छिनतई, डकैती, हत्या, बलात्कार, धमकी समेत अन्य आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। झारखंड में प्रत्येक घंटे औसतन 8 आपराधिक घटनाएं सरकार के संरक्षण में होती हैं।

# राज्य में 13634 लाइसेंसी हथियार जमा कराये गये : के रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शनिवार को निर्वाचन सदन में पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 135.70 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है। वहीं आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अब तक कुल 24 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। उन पर नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि आयोग भय रहित मतदान को लेकर लगातार चौकसी बरत रहा है। इसी के तहत राज्य के लाइसेंस आर्म्स को डिपॉजिट करने की प्रक्रिया चल रही है।

सीइओ ने कहा कि वर्तमान में राज्य में 16696 आर्म्स लाइसेंस हैं, जिसमें 13634 आर्म्स डिपॉजिट हो चुके हैं। वहीं 40 लाइसेंस अवरुद्ध किये गये हैं। 487 लाइसेंस को कैंसल कर डिपॉजिट किया गया है और 1354 लाइसेंस धारकों को उनके आवेदन के बाद छूट दिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राज्य में 44015 सर्विस वोटर के ट्रांसमिशन की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। पहले चरण में 28471 और दूसरे चरण में 15544 सर्विस वोटर हैं। वहीं होम वोटिंग की तैयारी चल रही है। वोटर ऑन इलेक्शन ड्यूटी के पोस्टल वोटिंग की प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू की जायेगी।

# महागठबंधन ने की संयुक्त प्रेस वार्ता, बोले, दोस्ताना संघर्ष के बाद भी हम साथ

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** इंडिया ब्लॉक की संयुक्त प्रेस वार्ता शनिवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित की गयी। गठबंधन के नेताओं ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गठबंधन में सब कुछ ठीक है। गठबंधन में तय सीटों पर गठबंधन के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया है। महागठबंधन के तहत जेएमएम 43 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, कांग्रेस 30, आरजेडी 6 सीटों पर और माले 3 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। धनवार विधानसभा सीट पर माले के साथ दोस्ताना संघर्ष होगा, विश्रामपुर और छतरपुर में जल्द फैसला लिया जायेगा। संयुक्त प्रेस वार्ता में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश,आरजेडी उपाध्यक्ष अनीता यादव और माले कर शिवेंदु सेन मौजूद रहे।

**धनवार सीट पर माले के साथ दोस्ताना संघर्ष होगा : जेएमएम :** जेएमएम महासचिव विनोद पांडे ने कहा कि धनवार सीट पर माले के साथ दोस्ताना संघर्ष होगा। जहां तक सीटों की संख्या की बात है तो 30 सीट कांग्रेस पार्टी का क्लेम है और राजद का भी क्लेम इस तरह से तो यह राजद कांग्रेस और गठबंधन के नेता हेमंत सोरेन के साथ बातचीत हो रही है और हम समझते हैं कि एक-दो दिनों के अंदर में हम लोग स्पष्ट कर देंगे कि विश्रामपुर में किस दल के प्रत्याशी होंगे और छतरपुर में किस दल के प्रत्याशी होंगे। हम लोग सभी चीज ठीक करके और मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे तो उसके पीछे कोई कारण है और बातचीत जारी है। हमको लगता है कि एक दो दिनों में स्पष्ट होगा। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के सभी स्टार प्रचारक की लिस्ट जारी कर दी गयी है। हम किसी से कम नहीं हैं और सामने वाले से दुगने हैं तो हम कहां से बैक फुट पर हैं। प्रदेश आरजेडी नेता अनिता यादव ने कहा कि इतना कुछ होने के बाद भी हम लोग साथ हैं। तीन जगह दोस्ताना संघर्ष के बाद भी महागठबंधन मजबूत है और हम एक साथ ही लड़ेंगे और 5 साल जैसे काटे वैसे ही अगले पांच साल सरकार चलायेंगे।

**चुनाव में सभी संगठित होकर काम करते हैं : केशव महतो**

मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 5 नवंबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का झारखंड दौरा है। कांके विधानसभा और मांडू विधानसभा क्षेत्र में वे सभा करेंगे। वहीं 8 नवंबर को राहुल गांधी सिमडेगा और लोहरदगा में कार्यक्रम करेंगे। 9 नवंबर को डाल्टेनगंज और हजारीबाग में सभा करेंगे। वहीं जमशेदपुर में रोड शो भी प्रस्तावित है। एक सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस में टिकट बिकता नहीं है। जिन्हें टिकट नहीं मिलता, उनमें थोड़ा संतोष रहता है। लेकिन चुनाव के समय सभी संगठित होकर काम करते हैं।

# गौरव वल्लभ ने प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार पर साधा निशाना

# हेमंत सोरेन सरकार ने भ्रष्टाचार में स्थापित किया रिकॉर्ड, मंत्रियों-अधिकारियों ने मचा रखी है लूट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारत सरकार राज्य के विकास के लिए फंड दे रही है। राज्य सरकार के पास विकास का कोई विजन नहीं है, पूरे प्रदेश में लूट मची हुई है। हेमंत सरकार ने भ्रष्टाचार में कीर्तिमान स्थापित किया है। चाहे विद्यार्थियों की प्रतियोगी परीक्षा हो या शुद्ध पेयजल के लिए नल जल योजना हो, सड़क-बिजली सभी कल्याणकारी योजनाओं में सरकार के मंत्री व अधिकारी लूट मचा रखे हैं। ये बातें भारतीय जनता पार्टी के गौरव वल्लभ ने प्रेस वार्ता में कहीं।

**मोदी सरकार ने झारखंड को दिये 57301 करोड़ :** उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों में केंद्र सरकार ने ढाई लाख करोड़ रुपये झारखंड सरकार को दिया है। सरकार खर्च करने में सक्षम नहीं है। कुल मिलाकर अभी तक इन 10 वर्षों में मोदी सरकार से 57301 करोड़ रुपये झारखंड सरकार को मिला है। श्री वल्लभ ने कहा कि रेलवे से 37972 करोड़ रुपये राज्य सरकार को मिला। झारखंड में सड़क पर केंद्र सरकार ने 17000 करोड़ रुपये खर्च किया है। ट्राइबल डेवलपमेंट के लिए 917 करोड़ भारत सरकार ने दिये हैं। इस मौके पर भाजपा नेता जोगेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा भी उपस्थित थे।

**नल जल योजना में 5.45 करोड़ ही खर्च कर पायी हेमंत सरकार**

हेमंत सरकार नल जल योजना की कुल राशि 11000 करोड़ में मात्र 5.45 करोड़ रुपये ही खर्च कर पायी है। इस सरकार को विकास से कोई लेना-देना नहीं है। 23 नवंबर को झारखंड की जनता एक ईमानदार सरकार एनडीए गठबंधन को देने जा रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने डिजिटल डकैती की है, किसान अपनी फाइल में खेत का कागज ढूंढ रहे हैं। ऑनलाइन किसी और का नाम चढ़ गया है। केंद्र द्वारा भेजे गये ढाई लाख करोड़ रुपये खर्च क्यों नहीं हुए। एक तरफ नीति नेता और नियत मोदी की है, वहीं दूसरी ओर नीति बेल बाउंड पर है।


**प्रारूप C-1**

**आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार
(पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

नाम :- **पास्टर संजय कुमार तिर्की**
राजनीतिक दल का नाम :- **निर्दलीय**
निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **60, खूंटी**

मैं **पास्टर संजय कुमार तिर्की** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं:-

(A) लंबित अपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्यायिका दंडधिकारी प्रथमश्रेणी गुमला | कुरूमगढ़ थाना कांड सं. 10/24 11.09.2024 | लंबित | 316 (2) 318 (A) 356 / 178 BNS 2023 |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियों) | कार्यालय (यो) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

ह0/-
**पास्टर संजय कुमार तिर्की**
निर्दलीय विधानसभा 2024
झारखण्ड

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 03 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# बड़ा तालाब की दुर्दशा के लिए सरकार जिम्मेदार : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि बड़ा तालाब की दुर्दशा के लिए छठ मैया भी सरकार को माफ नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि बड़ा तालाब की दुर्दशा के लिए राज्य सरकार और नगर निगम पूरी तरह दोषी हैं। लगातार कई बरसों से बड़ा तालाब की सफाई को लेकर सरकार और नगर निगम को कहा जा रहा है लेकिन नगर निगम के अधिकारी चेंबर में बैठकर शहर को चलाने का प्रयास कर रहे हैं। अधिकारी चैंबर से बाहर निकलकर बड़ा तालाब जाकर देखने की जरूरत नहीं महसूस करते, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। सेठ ने शनिवार को छठ महापर्व को लेकर बड़ा तालाब का निरीक्षण के दौरान कहा कि इस तालाब की स्थिति बहुत ही बदतर हो चुकी है। अब यहां का पानी इस लायक भी नहीं है कि श्रद्धालु इसमें छठ कर सकें। इससे भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि यहां अब संक्रमण फैलने का भी खतरा बढ़ रहा है। राज्य सरकार और नगर निगम अब तक हाथ धरे बैठा हुआ है। बड़ा तालाब स्वच्छ हो, इसे लेकर चार माह पूर्व सफाई के लिए कोल इंडिया से एक 8 करोड़ की डोजियर मशीन सफाई के लिए दिलाने का प्रयास किया था और नगर निगम को इस पर पहल करने को कहा था लेकिन उनकी अकर्मण्यता के कारण अब तक ना तो मशीन आयी और ना तालाब साफ हो सका। बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे पानी में श्रद्धालु छठ करेंगे। बड़ा तालाब का पूरा पानी हरा हो चुका है और इससे दुर्गंध आ रही है। छठव्रती इस पानी में कैसे पूजा करेंगे। इस अवसर पर राजीव रंजन मिश्रा उर्फ चुन्नू मिश्रा, मंडल अध्यक्ष ऋषभ, राहुल सिन्हा चंकी, लंकेश सिंह, राजीव सिंह, शक्ति रामायण सिंह, संजय जायसवाल, बबलू सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

# सतर्कता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** सतर्कता विभाग के निर्देश पर दानापुर मंडल के पटना सिटी रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों और आम जनता को भ्रष्टाचार और उससे निपटने के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर सतर्कता जागरूकता से संबंधित ऑडियो क्लिप भी चलायी जा रही हैं। सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से। रेलवे हेल्पलाइन नंबर का महत्व 139 पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा, सतर्कता जागरूकता से संबंधित रिंग टोन को इसीआर कर्मचारियों के सभी सीयूजी नंबर पर सक्रिय कर दिया गया है।

## कल्पना सोरेन आज रांची में करेंगी भव्य रोड शो

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी डॉ. महुआ माजी के समर्थन में 3 नवंबर को शाम 6 बजे से रांची में भव्य रोड शो करेंगी। यह रोड शो नेपाल हाउस से शुरू होकर महादेव मंडा, कर्बला चौक, गुदड़ी चौक, थड़पखना, अपर बाजार, जैन मंदिर, बड़ा तालाब, पुरानी रांची, किशोर गंज, पहाड़ी मंदिर, चुना भट्टा सहित विभिन्न स्थानों से होकर गुजरेगा। रोड शो में बड़ी संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता समर्थक और आमजन शामिल रहेंगे।

# बायोम इंस्टीट्यूट ने सफलता का सातवां स्थापना दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट ने शनिवार को अपनी सफलता का सातवां स्थापना दिवस समारोह मनाया। इस अवसर पर संस्था में केक काट कर खुशियां बांटी गयीं। इस अवसर पर संस्था के निदेशक सह एमडी पंकज सिंह, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे। पंकज सिंह ने संस्था की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने संस्था के इतिहास और विकास के बारे में विस्तार से चर्चा की। कहा कि दर्जन भर विद्यार्थियों और एक्का-दुक्का शिक्षकों के साथ शुरू हुई संस्था आज मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने को समर्पित है। संस्था के विद्यार्थियों और शिक्षकों के बल पर प्रतियोगिता परीक्षा का लगातार बेहतर परिणाम मिल रहा है। विद्यार्थी नीट-यूजी में झारखंड टॉपर बन संस्था को गौरवान्वित कर रहे हैं। हमें अपने स्थापना दिवस पर गर्व है। हम भविष्य में भी उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## लोगों के आग्रह पर चुनाव मैदान में हैं: पवन कुमार चौधरी

**रांची।** रांची विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय पवन कुमार चौधरी उर्फ बबलू चुनावी मैदान में उतरे हैं। शनिवार को पवन कुमार चौधरी ने किशोरगंज स्थित रोड नंबर आठ में अपना चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पवन कुमार चौधरी ने कहा कि रांची विधानसभा में सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य विभाग का हाल बेहाल है। यह राज्य की राजधानी है इसके बावजूद यह हाल है। भाजपा और झामुमो दोनों पार्टियां सत्ता लोलुप हैं, इन्हें जनता से कोई सरोकार नहीं है।

# मां काली को खिचड़ी का माहभोग लगाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विनेक्स क्लब श्री काली पूजा समिति बारियातू हाउसिंग कॉलोनी में बंगाल से आए हुए पुरोहित चमन राय के द्वारा बड़े ही विधि विधान के साथ पूजा करायी जा रही है। मां श्यामा काली का रूप देख कर भक्तजन मंत्र मुग्ध हो रहे हैं। शनिवार को मां काली को खिचड़ी का माहभोग लगाया गया। जिसमें भारी संख्या में भक्त जनों ने मां का माहभोग ग्रहण किया। रविवार को मां को चना, घुघनी एवं हलवे का भोग लगेगा जायेगा। दोपहर 2:00 बजे मां काली का भव्य शोभा यात्रा निकलेगी जो कि बरियातू स्थित नालंदा तालाब में मां की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। उपरोक्त जानकारी राणा रणधीर ने दी।

# आशीष डे भाई को श्रद्धा सुमन अर्पित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** साकची श्रीलेदर्स के स्व श्री आशीष डे भाई की पुण्यतिथि पर साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स एवं होटल स्मिता (होटल डेज ऑनर्स) में परिवार के सदस्य एवं दोनों संस्थान सभी कर्मचारीगण द्वारा स्व आशीष डे भाई को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। ज्ञात रहे कि स्व आशीष डे भाई स्वतंत्रता सेनानी स्व सुरेश चंद्र डे के तृतीय (सबसे छोटे) पुत्र थे और अपने पिता की सोच को आगे बढ़ाते हुए। उन्होंने श्रीलेदर्स को एक नये मुकाम तक पहुंचाया एवं अपने पिता स्वतंत्रता सेनानी स्व सुरेश चंद्र डे के दूरगामी एवं निःस्वार्थ सोच को अपने जीवन में यथार्थ करते हुए कई परिवार के हाथों को काम एवं लाखों करोड़ों भारतवासियों को एक उचित मूल्य पर बेहतर उत्पाद उपलब्ध करा रहें हैं। उनके पिता स्वतंत्रता सेनानी स्व सुरेश चंद्र डे का सपना एवं संकल्प था कि देश के सभी नागरिकों को श्रीलेदर्स के गुणवत्ता वाले उत्पाद किफायती दाम पर उपलब्ध हो और इसी सोच को श्रीलेदर्स परिवार आज भी आगे बढ़ा रहा है। उक्त अवसर पर साकची श्रीलेदर्स एवं होटल स्मीता ; डेज ऑनर्सद्ध के सभी सदस्यों के अलावा स्व आशीष डे के परिजनों के अतिरिक्त समाज सेवी मुन्ना अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बिहार के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंशुल अभिजीत और मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री मुकेश नायक का रांची आगमन



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर कांग्रेस बिहार के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंशुल अभिजीत और मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री मुकेश नायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। राजू राम ने कहा कि इंडिया गठबंधन फिर दोबारा झारखंड में सरकार बना रही है।

## कांके विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने चुनाव अभियान की शुरुआत की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांके विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को भाजपा ने चुनाव अभियान की शुरुआत की गयी। ठाकुरगांव में मां भवानी शंकर मंदिर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. जीतू चरण राम के समर्थन में रैली निकाली गयी। इसका नेतृत्व मंडल के अध्यक्ष सुरजन गोडाईत और जिला मंत्री राम कुमार दुबे कर रहे थे। अभियान में भाजपा नेताओं ने मतदाताओं से डॉ. राम को विजयी बनाने का आह्वान किया।

## Format C-7

### Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September 2018, of Hon'ble Supreme court in WP(CIVIL) NO.536 OF 2011 (Public interest Foundation & Others Vs. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party : **JMM PARTY**
Name of the Election : **STATE ASSEMBLY ELECTION, 2024**
Name of the State/UT : **JHARKHAND**
(1) Name of the Constituency : **61 - SILLI**
(2) Name of the Candidate : **SHRI AMIT KUMAR**

| S.No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal Antecedents | | |
| (I) | a. | Nature of Offences | 1. GR NO. 3285/2023 ARISING OUT OF DHURWA PS CASE NO. 208/2022<br>2. GR NO. 2551/2017 ARISING OUT OF SILLI PS CASE NO. 36/2017<br>3. GR NO. 3452/2015 ARISING OUT OF SILLI PS CASE NO. 62/2015<br>4. GR NO. 2148/2014 ARISING OUT OF SADAR PS CASE NO. 155/2014<br>5. GR NO. 2149/2014 ARISING OUT OF SADAR CSE NO. 156/2024<br>6. GR NO. 314/2010 ARISING OUT OF ANGARA PS CSE NO. 5/2010<br>7. ST NO. 481/2010 ARISING OUT OF SONAHATU PS CASE NO. 42/2006<br>8. GR NO. 640/ 2005 ARISING OUT |
| 1. | | | OF SILLI CASE NO. 12/2005 |
| | b. | CASE NO. | 1. GR NO. 3285/2023 ARISING OUT OF DHURWA PS CASE NO. 208/2022<br>2. GR NO. 2551/2017 ARISING OUT OF SILLI PS CASE NO. 36/2017<br>3. GR NO. 3452/2015 ARISING OUT OF SILLI PS CASE NO. 62/2015<br>4. GR NO. 2148/2014 ARISING OUT OF SADAR PS CASE NO. 155/2014<br>5. GR NO. 2149/2014 ARISING OUT OF SADAR CSE NO. 156/2024<br>6. GR NO. 314/2010 ARISING OUT OF ANGARA PS CSE NO. 5/2010<br>7. ST NO. 481/2010 ARISING OUT OF SONAHATU PS CASE NO. 42/2006<br>8. GR NO. 640/2005 ARISING OUT OF SILLI CASE NO. 12/2005 |
| | c. | Name of Court | 1. Shri, Chndan CJM sri chandaj<br>2. Sri Sarthak Sharma, JM Ranchi<br>3. Sri. K.S Tripthi J.M Ranchi<br>4. Sri R.K pandey, J.M Ranchi<br>5. Sri R.K Pandey J.M Ranchi<br>6. Sri Arvind kumar II J.M Ranchi<br>7. Sri Diwakar Pandey AJC xviii, Ranchi<br>8. Sri S.B Sharma J.M Ranchi |
| | d. | whether charge have been framed or not (Yes/No) | 1. NO<br>2. NO<br>3. NO<br>4. NO<br>5. NO.<br>6. YES<br>7. YES<br>8. YES |
| | e. | Date of Conviction, if any | 1. ANGARA CASE PS NO. 05/2010 CONVICTION DATE-31/05/2016<br>2. SONAHATU PS CASE NO. 42/2006 CONVICTION DATE 23/03/2018<br>3. SILLI PS CASE NO 12/2005 CONVICTION DATE- 05/07/2016 |
| | f. | Details of Punishment undergone, if any | 1. U/S 143,149,341,353,283 IPC MAXIMUM 1 YEAR FINE RS-200/-<br>2. U/S 147,323,341,353,427,506,149 IPC MAXIMUM YEAR 2 YEAR & FINE TOTAL 45000/-<br>3. U/S 143, 341, 151, 353 IPC MAXIMUM-1 YEAR & FINE Rs- NO |
| | g. | Any other information required to be given | • ANGARA PS CASE NO. 5/2010 GR NO. 314/2010 CONVICTION AGAINST Cr. APEAL FIELD VIDE Cr. APEAL NO. 119/2016 DESIDED ON 28/9/2016 BY JC, RANCHI ORDERED TO BE PAID RS.- 25000/- AS A COMPOSITE FINES<br>• SONAHATU PS CASE NO. 42/2006 ARISING OUT OF SESSION TRILE NO. 481/2010 CONVICTION AGAINST Cr. APPEAL FIELD HIGH COURT VIDE Cr. APPEAL (SJ) NO. 604/2018 RE NUMBERD AS A Cr. APPEAL 692/2023 JHARKHAND HIGH COURT SET ASIDE THE JUDGMENT AND SENTANCE ONE YEAR, THIS ORDER AGAINST SLP (Cr.) NO. 10578/23 AND PENDING BEFORE SUPRIME COURT.<br>• SILLI PS CASE NO. 12/2005 Gr NO. 640/2005 Cr. APPEAL 135/2016 DESIDED BY JC RANCHI ON 6/10/2016 MODIFIED THE CONVICTION ORDER AND DIRECTED TO PAID RS- 50000/- COMPOSITE FINE. |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall the with reference to the qualification, achievement and merit of the candidate and not mere 'winnability' at the pools (Not more than 100 words) | | Shri Amit kumar the EX MLA from Silli and life time member of JMM party has consistently demonstrated strong leadership and a deep commitment to public service. His efforts have significant contributed to the development of the constituency and the state of Jharkhand with his achievement and dedication to welfare initiatives, Shri Amit Kumar is an exemplary candidate continuing to work for the progress an growth of silli |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates | | The charges against Shri Amit Kumar are politically motivated aimed at undermining his strong leadership and influence. Despite these challenges, his proven track record and commitment to public welfare make his the preferred candidate. His focus remains on driving development and delivering results for the community |

**Sd/-**
**SHRI AMIT KUMAR**
**JMM PARTY**
**Jharkhand**




आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 03 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# हम फिर सरकार बनायेंगे, हिमंता के झारखंड भ्रमण पर रोक लगे: सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, हम फिर से सरकार बनायेंगे। हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में वे बोल रहे थे। कहा कि कुछ दिन पहले हम इंडिया गठबंधन की ओर से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के दफ्तर गये थे। हम लोगों ने आयोग के समक्ष असम के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ अपनी आपत्ति दर्ज करायी है। आरोप लगाया कि वे जिन शब्दों का प्रयोग अपनी बातों में कर रहे हैं, राज्य सरकार की आलोचना करते करते व्यक्तिगत हमले कर रहे हैं, धर्म-संप्रदाय के आधार पर लोगों को बांट रहे हैं, यह अत्यंत चिंताजनक है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने हम लोगों से कहा है कि वे इसका संज्ञान लेंगे। इसकी जांच होगी और कार्रवाई होगी।

**तत्काल प्रभाव से हिमंता के भ्रमण पर रोक लगे**

सुप्रियो ने कहा कि केवल कार्रवाई से काम नहीं चलेगा। कहा कि तत्काल प्रभाव से हिमंता बिस्वा सरमा के झारखंड में प्रवास व भ्रमण पर रोक लगनी चाहिए। यह झारखंड की समग्र परंपरा के खिलाफ है। मैं बीजेपी से एक सवाल करना चाहता हूं। 2011 में इस देश में अंतिम जनगणना हुई। क्या उस समय बीजेपी अस्तित्व में नहीं थी। क्या राज्य अलग हुए 11 साल नहीं हुए थे, उस समय घुसपैठिये की बात नहीं आयी, बांग्लादेशी घुसपैठिये की बात नहीं आयी, 2014 में नहीं आयी, 2019 में नहीं आयी कौन सा सर्वे है कि 2024 में अचानक आ गया और कह दिया गया कि झारखंड में बांग्लादेशी हैं। आप के पास मुद्दे नहीं हैं, नेतृत्व नहीं है,

**चुनाव लोकतंत्र का पर्व है**

हम लोगों ने कल भी कहा था अभी सांप्रदायिक सौहार्द्र के साथ पर्व मनाने का समय है। चुनाव भी लोकतंत्र का पर्व है। जिस में सभी धर्म के लोग शामिल होंगे। अभी छठ है। दलित के घर से बना हुआ सूप व दौरा आयेगा। हमारे राईन समाज के लोग फल बेचने का काम करते हैं, घाटों की सफाई हो रही, उस वक्त में इस प्रकार की बात करना, जब समाज को एक होना है, एक साथ छुट्टियां मनाना है, और कैसे-कैसे शब्द कहे जा रहे हैं। चुनाव आयोग यह तय करे कि झारखंड में शांति भंग करने की भाजपा की जो कोशिश है, उस पर रोक लगे। चुनाव तो आते जाते हैं, जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, हम फिर से सरकार बनायेंगे।

# बीजेपी नेता प्रणव वर्मा और आजसू नेता विकास राणा झामुमो में हुए शामिल, हेमंत सोरेन ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** बीजेपी नेता स्वर्गीय रति लाल वर्मा के बेटे प्रणव वर्मा (प्रवक्ता अनुसूचित मोर्चा बीजेपी) और विकास राणा (केंद्रीय प्रवक्ता, आजसू पार्टी एवं प्रदेश अध्यक्ष, विश्वकर्मा समाज) अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शनिवार को झामुमो में शामिल हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कांके रोड स्थित आवास पर उनकी उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

झामुमो में शामिल होने वाले प्रमुख सदस्यों में आनंद सिंह (केंद्रीय सदस्य, आजसू पार्टी), जितेंद्र कुमार (केंद्रीय सदस्य), अजय कुमार, विवेक कुमार राणा, आफताब आलम, अविनाश कुमार सिंहा, ओम प्रकाश देव, अवध किशोर साव, धीरेंद्र सिंह, विजय कुमार, अनूप कुमार सिंह, सुनील राजा, कारू शर्मा, रामलखन मिस्त्री सहित सैकड़ों समर्थक हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार सभी समुदायों और वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित है और इस सामूहिक समर्थन से झारखंड को नयी दिशा में ले जाने की प्रतिबद्धता और सुदृढ़ होगी।

# इंडिया गठबंधन ने हिमंता बिस्वा पर लगाया हेट स्पीच देने का आरोप, सीइओ को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में इसी महीने दो चरणों में विधानसभा चुनाव होना है। इसके लिए सभी राजनीतिक दल चुनावी दंगल में उतर चुके हैं। एक-दूसरे पर आरोप भी लगा रहे हैं। इस बीच गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने हिमंता के भाषण को हेट स्पीच बताकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्रवाई करने की मांग की।



# इरफान की बढ़ सकती हैं मुश्किलें : सीता सोरेन की बेटियों ने एसटी-एससी थाना में शिकायत की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कैबिनेट मंत्री डॉ इरफान अंसारी की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। इरफान के विवादास्पद बयान मामले में अब सीता सोरेन की दो बेटियां जयश्री और विजयश्री सोरेन ने एसटी-एससी थाने में इरफान अंसारी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। शिकायतनामा में कहा गया है कि इरफान अंसारी ने उनकी मां सीता सोरेन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। अब उनके साथ उनकी बहनों को लेकर भी आपत्ति जनक टिप्पणी की गयी है। शिकायतनामा के साथ थाने में फेसबुक लिंक और पेन ड्राइव भी उपलब्ध कराया गया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**सूचना**

सं. H/ST/28/Retail Empanelment/DHN/24-26 Dated: 28.10.24

निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक चिकित्सा विभाग/धनबाद द्वारा online e-tender on IREPS पर पूर्ण अपेक्षित आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**कार्य का नाम –** धनबाद मंडल रेलवे अस्पताल द्वारा दवाओं की आपूर्ति सर्जिकल और उपभोग वस्तुओं की आपूर्ति दो वर्ष अर्थात 2024–2025 और 2025–2026 के लिए मेडिकल दुकानों आपूर्तिकर्ताओं/वेडरों/डिस्ट्रिब्युटर धनबाद के लिए खुदरा स्थानीय खरीद के तहत धनबाद मंडल रेलवे अस्पताल के आसपास के क्षेत्र में स्थित होना चाहिए।

**काम का कार्य क्षेत्र – 1.** धनबाद मंडल रेलवे अस्पताल के सक्षम प्राधिकारी द्वारा मांग पत्र के रूप में औषधि सर्जिकल और उपभोग वस्तुओं की आपूर्ति दिन प्रतिदिन की जरूरत के आधार पर। **2.** शीघ्रता के साथ उपर्युक्त वस्तुओं की आपूर्ति अत्यंत आवश्यक है, ताकि रेलवे लाभार्थियों को सर्वोत्तम उपचार की सुविधा प्राप्त हो। **3.** पत्रता मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व मध्य रेल धनबाद मानदंड और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ecr.indianrailways.gov.in** उप उपलब्ध है।

उपरोक्त मानदंडो को पूरा करने वाले इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं/विक्रेताओं/फर्म को भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद में आवेदन करना होगा। इस विज्ञापन के प्रकाशन तिथि से 21 दिन में आवेदन करने का अंतिम दिन है।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/01430/डीएचएन/एमईडी/एन/24–25/44

# काली पूजा में शामिल हुए आदित्य विक्रम जायसवाल



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को महानगर काली पूजा समिति इंदिरा गांधी चौक चुटिया के द्वारा काली पूजा में माता की भव्य आरती का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल शामिल हुए। मौके पर आदित्य विक्रम जायसवाल ने भी माता की। इस मौके पर आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा कि मां काली जी की आरती एवं पूजन जो भी भक्त सच्चे मन से करते हैं उन भक्तों के जीवन से सभी दुख-दर्द दूर हो जाते हैं। मौके पर 31 सदसीय संचालन समिति के सदस्यगण मौजूद थे। जिनमें कृष्णा सहाय, कृष्णा साहू, संजीव महतो, धंजू नायक, विजय बड़ाइक, सुनील सहाय, रानू चौबे, मनोज गुप्ता, ज्ञान ठाकुर, गणेश घोष, रुपेश केशरी आदि लोग मौजूद थे।

# हिमंता का बयान भड़काने वाला, चुनाव आयोग ले संज्ञान : लाल किशोर नाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। असम के मुख्यमंत्री के बयान पर झारखंड कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव जमकर बरसे। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, कि असम के मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि केंद्र सरकार झारखंड का बकाया 136000 करोड़ रुपये कब देगी। असम के मुख्यमंत्री बकाये पैसे की चर्चा तो करते हैं लेकिन यह नहीं बताते हैं कि झारखंड का पैसा और झारखंडियों का हक कब मिलेगा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता ने असम के मुख्यमंत्री से सवाल किया कि असम के मुख्यमंत्री का झारखंड प्रेम क्या विधानसभा चुनाव के बाद भी रहेगा या झारखंडियों का वोट लेने तक ही रहेगा।

# श्री श्याम प्रभु को अंकुट का भोग अर्पित किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मंडल, रांची द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को खाटू नरेश श्याम बाबा को कार्तिक माह के पावन अवसर पर प्रातः 11 बजे से 1 बजे फिर पुनः 4 बजे से शाम 6 तक श्री श्याम प्रभु को अंकुट का भोग अर्पित किया गया। भोग के मुख्य यजमान निर्मल मोदी अपने पूरे परिवार के साथ श्याम बाबा को अंकुट का भोग अर्पित किये। सर्व प्रथम मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं मोदी परिवार द्वारा गणेश पूजन कर मंदिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को अंकुट का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय - लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा। अंकुट का भोग लेने के लिए भक्तगण कतारबद्ध होकर प्राप्त कर रहे थे। साथ ही श्री श्याम मंडल के कार्यकर्ता आये हुए भक्तजनों को ठंडा शुद्ध पेयजल का वितरण कर रहे थे तथा उनके चरण पादुका को रखने की उत्तम व्यवस्था बना हुआ था। अंकुट का भोग श्री श्याम मंदिर में ही निर्मित किया गया तथा 500 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विकाश पाड़िया, प्रमोद बगड़िया, बिनोद सारस्वत, अजय साबू, विवेक ढांढनीयां, प्रियांश पोद्दार, बालकिशन परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, राजेश सारस्वत, नितेश लखोटिया का सहयोग रहा।

**पूर्व तट रेलवे**

1) ई-निविदा सूचना सं. ST-SBP-TENDER-2024-24, दिनांक : 25.10.2024

**कार्य का नाम :** तीन वर्षों की समयावधि हेतु संबलपुर मंडल के विभिन्न कार्यों के लिए सिग्नल एवं दूरसंचार ड्राइंग तैयार करना।

**निविदा मूल्य (₹) :** 18,91,991.00, EMD (₹) : 37,800.00

2) ई-निविदा सूचना सं. ST-SBP-TENDER-2024-25, दिनांक : 25.10.2024

**कार्य का नाम :** 03(तीन) वर्षों के समयावधि हेतु सम्बलपुर मण्डल पर M/S जी.जी. ट्रॉनिक्स मेक के डिजिटल एक्सल काउंटर (SSDAC, HASSDAC) सिस्टम का वार्षिक मरम्मत अनुबंध (ARC)।

**निविदा मूल्य (₹) :** 71,80,380.90, EMD (₹) : 1,43,600.00, निविदा दस्तावेज लागत (₹) : 5,900/-।

**निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 18.11.2024 को 1100 बजे (दोनों निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (सिग्नल एवं दूरसंचार), सम्बलपुर

PR-690/P/24-25

## Format C-2

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.

Name of Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**

* Name of Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTION 2024**

Name of State/ UT: **JHARKHAND**

| 1. | 2. | 3. | 4 | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of candidate | Name of constituency | Pending criminal cases | | Details about cases of Conviction for criminal offences | |
| | | | Name of Court, Case No. & statusOf the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief Description of offence(s) | Name of Court & date (s)of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed |
| 1. | 1. MD TAJUDDIN | 01, RAJMAHAL | ACJM RAJMAHAL, Ranga P.S- 67/2016 Case No. GR No. 499/2016 | Section- 379, 342, 353/54 of I.P.C, JMMC rule 2004, Sec. 54 and rule 9 of Jharkhand minerals transit regulation 2005 *Theft of mining property | N.A | N.A |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

## Format C-2

(for candidate to publish in Newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidate set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**

Name of Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY2024**

Name of state /UT: **JHARKHAND**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SI . No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A)Pending criminal cases | | (B)Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of court , case No. & status of the case (s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 20 BARKATHA , JHARKHAND | JANKI PRASAD YADAV | 79-JUDICIAL RAILWAY COURT (DHANBAD) 7910569/2020 Appearance | 145,146, 147 ,174 (a) RAILWAY ACT | NIL | NIL | NIL |

In the case of election to Council of states or election to Legislative Council by MLAs , mention the election concerned in place of name of constituency.

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 03 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# राहत की सांस...

राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों के लिए इस बार दिवाली के बाद की सुबह वैसी भयावह नहीं रही, जैसी हर बार रहा करती थी। हवा में प्रदूषण की मात्रा शुक्रवार सुबह 10 बजे एयर क्वॉलिटी इंडेक्स के मुताबिक 365 रही। पिछले साल दिवाली की अगली सुबह के आंकड़े (433) के मुकाबले यह निश्चित रूप से बेहतर है। इस बेहतरी के पीछे की वजहों को लेकर कई तरह की बातें कही जा रही हैं। दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने इस स्थिति का श्रेय सरकार के अलग-अलग विभागों द्वारा उठाये गये कदमों को देने में देर नहीं लगायी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार द्वारा पटाखों पर बैन लगाने और लोगों द्वारा उस बैन का सम्मान करने की वजह से यह स्थिति आयी है। हालांकि चोरी-छुपे पटाखों की बिक्री की खबरें इस बीच दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग हिस्सों से आती रहीं। पटाखों की आवाजें भी दिवाली की देर रात तक सुनायी देती रही थीं। मगर इनमें मात्रा का अंतर साफ महसूस किया जा सकता था। रोक का प्रभाव इस तथ्य में भी देखा जा सकता है कि दिल्ली में इस बार दिवाली के दौरान हादसे कम हुए। आग लगने की छोटी-मोटी घटनाओं की कई शिकायतें आयीं, लेकिन दिल्ली फायर सर्विसेज के मुताबिक ऐसे बड़े हादसे नहीं हुए जिनमें लोगों को जान गंवानी पड़ी हो। निश्चित रूप से यह घटनाक्रम उम्मीद बंधाता है। कई जानकार प्रदूषण की मात्रा में कमी के पीछे कुछ अन्य कारकों की भूमिका की ओर संकेत करते हैं। उनके मुताबिक शुक्रवार सुबह हवा की स्पीड में करीब 10 किलोमीटर प्रति घंटे की बढ़ोतरी का इसके पीछे हाथ हो सकता है। यह भी गौर करने की बात है कि इस बार दिवाली किस दिन मनाना है, इसे लेकर लोगों की राय बंटी हुई थी। कुछ लोगों ने गुरुवार को दिवाली मनायी, तो कुछ अन्य इलाकों में माना गया कि शुक्रवार को दिवाली है। ऐसे में बहुत संभव है कि पटाखे भी एक दिन चलने के बजाय दो दिनों में बंट गये हों। शुभ संकेत कारण जो भी रहे हों, इसे एक शुभ संकेत माना जाना चाहिए। दिवाली के अगले दिन अपेक्षाकृत साफ हवा में सांस लेने का अनुभव लोगों को अगले साल भी पटाखे छोड़ने में संयम बरतने को प्रेरित कर सकता है। हालांकि इस संबंध में दो बातें खास तौर पर याद रखने की हैं। एक तो यह कि हवा में प्रदूषण का मौजूदा स्तर किसी भी रूप में संतोषजनक नहीं है। दूसरी बात यह कि अभी सिर्फ दिवाली बीती है। दिल्ली में स्मॉग का असली दौर अभी आना है। हमारे प्रयासों की असली परीक्षा तभी होगी।

**दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार द्वारा पटाखों पर बैन लगाने और लोगों द्वारा उस बैन का सम्मान करने की वजह से यह स्थिति आयी है। हालांकि चोरी-छुपे पटाखों की बिक्री की खबरें इस बीच दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग हिस्सों से आती रहीं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पिछले इतिहास पर नजर डालें तो सहज ही अंदाजा हो जाता है कि अंग्रेज हुकूमत तथा ईसाई धर्म के प्रचारकों द्वारा सिखों का धर्म परिवर्तन करने का पुराना इतिहास है। ऐसी सबसे बड़ी कार्रवाई अंग्रेज हुकूमत द्वारा सिख राज के अंतिम महाराजा दलीप सिंह का विवादपूर्ण हालातों में धर्म परिवर्तन करना था। इसके बाद ईसाई प्रचारकों ने पंजाब में अपनी गतिविधियां बढ़ा दी थीं। महाराजा रणजीत सिंह के निधन के बाद अंग्रेज हुकूमत ने सिख गुरुद्वारों का प्रबंध चलाने के लिए सिख मर्यादाओं के विपरीत चल रहे महंतों, निर्मलियों तथा उदासियों को पूरी हिमायत देनी शुरू कर दी और सिखों को ईसाई बनाने के लिए एक मुहिम छेड़ दी थी।**

# ईसाई मत के तेजी से फैलाव का सर्वाधिक असर सिखों पर

इकबाल सिंह चन्नी



**किसी धर्म की आबादी कितनी बढ़ रही है, इससे किसी अन्य धर्म या संस्था को कोई सरोकार नहीं होना चाहिए, किंतु जब यह लगे कि यह धर्म परिवर्तन जबरदस्ती या लालच देकर करवाया जा रहा है, तो उस धर्म के नेताओं, जिनके के लोगों का धर्म परिवर्तन हो रहा है, का चिंतित होना बनता है, क्योंकि यह परिवर्तन कानूनी तौर पर भी गलत है।**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह द्वारा पंजाब में ईसाई मत के तेजी से फैलने के मुद्दे पर दिये बयान से एक बार तो सिख सियासत में भूचाल की स्थिति पैदा हो गयी थी। शिरोमणि अकाली दल के नेताओं ने आरपी सिंह के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने की भी मांग कर दी थी, मगर बाद में आरपी सिंह ने अपना बयान वापस ले लिया था। मगर आज हम आरपी सिंह के बयान के गलत या ठीक होने बारे बात नहीं कर रहे। हम बात करेंगे बयान से उठे उस मुद्दे बारे, जिस पर गहरी नजर डालने से यह लगता है कि पंजाब में ईसाई मत तेजी से फैल रहा है और इस फैलाव का सबसे अधिक असर सिख धर्म के अनुयायियों पर पड़ रहा है।

पिछले इतिहास पर नजर डालें तो सहज ही अंदाजा हो जाता है कि अंग्रेज हुकूमत तथा ईसाई धर्म के प्रचारकों द्वारा सिखों का धर्म परिवर्तन करने का पुराना इतिहास है। ऐसी सबसे बड़ी कार्रवाई अंग्रेज हुकूमत द्वारा सिख राज के अंतिम महाराजा दलीप सिंह का विवादपूर्ण हालातों में धर्म परिवर्तन करना था। इसके बाद ईसाई प्रचारकों ने पंजाब में अपनी गतिविधियां बढ़ा दी थीं।

**दावा किया जा रहा है कि पंजाब में अब 65000 पादरी ईसाई धर्म का प्रचार कर रहे हैं और पंजाब के 8000 गांवों में ईसाइयों की कमेटियां बनी हुई हैं।**

महाराजा रणजीत सिंह के निधन के बाद अंग्रेज हुकूमत ने सिख गुरुद्वारों का प्रबंध चलाने के लिए सिख मर्यादाओं के विपरीत चल रहे महंतों, निर्मलियों तथा उदासियों को पूरी हिमायत देनी शुरू कर दी और सिखों को ईसाई बनाने के लिए एक मुहिम छेड़ दी थी। इन हालातों के मद्देनजर प्रमुख सिख शख्सियतों द्वारा सिंह सभा लहर चलाने का फैसला किया गया। इस सभा की पहली औपचारिक बैठक 1 अक्टूबर 1873 को श्री अकाल तख्त साहिब के सामने हुई। इस मीटिंग में ठाकर सिंह संधावालिया को प्रधान चुन लिया गया। इसी वर्ष ईसाई प्रचारकों ने 4 सिख नौजवान विद्यार्थियों को ईसाई धर्म के पैरोकार बना लिया था। इस कारण सिंह सभा लहर के नेताओं ने सिख धर्म के प्रचार को अपना मिशन बना लिया जिसका बड़ा असर हुआ तथा 19वीं सदी के अंत में ही परिणाम आने शुरू हो गये और 1940 तक सिखों की आबादी दोगुनी हो गयी।

इस समय दौरान शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी तथा शिरोमणि अकाली दल ने सिख पंथ की बागडोर संभाल ली थी तथा दोनों संगठन सिख पंथ के सिरमौर संगठन बन गये थे। इसके बाद भारत आजाद हो गया। अंग्रेज भारत छोड़कर चले गये तथा ईसाई प्रचारक ठंडे पड़ गये। आजादी के बाद बेशक सिख पंथ को धर्म परिवर्तन का कोई खतरा नहीं रहा था, मगर देश की हुकूमत के साथ दोनों संगठनों ने कई संघर्ष किये और सिख हितों की रक्षा की। मगर गत कुछ वर्षों से सिख पंथ के सामने फिर महाराजा रणजीत सिंह के निधन के बाद वाली स्थिति पैदा हो गयी और ईसाई भाईचारे की आबादी जो 2011 में 1.3 प्रतिशत से भी कम थी, बारे दावा किया जा रहा है कि उनकी आबादी अब 15 प्रतिशत से भी अधिक हो गयी है।

इस दावे को सही ठहराने के लिए कुछ उदाहरण हैं, जिनमें 5 जुलाई 2022 को अमृतसर में अमृतसर क्रूसेड (धर्म युद्ध) के नाम पर ईसाई पादरी अंकुर जोसेफ नरूला के नेतृत्व में किया गया लाखों ईसाइयों का इक, इसी पास्टर द्वारा जालंधर में दुनिया का चौथा तथा एशिया का सबसे बड़ा चर्च साइनस एंड वंडर्स का निर्माण करवाना, अमृतसर जिले के गांव दूजोवाल में 30 प्रतिशत वोटरों का ईसाई बनना तथा अजनाला तहसील के एक गांव अवाना में 4 चर्चों का स्थापित होना शामिल है।

हैरानी की बात यह है कि सिखों तथा हिंदुओं से ईसाई बने ये लोग न तो अपना पहरावा बदलते हैं और न ही सरकारी कागजों में अपना धर्म, जिस कारण जनगणना में इनकी सही संख्या का पता नहीं चलता। कुछ समय पहले छपी एक रिपोर्ट में भी यह दावा किया गया था कि गुरदासपुर में पिछले 5 वर्षों में ईसाइयों की जनसंख्या दोगुनी हो गयी है तथा धर्म परिवर्तन करने वालों को पहले तो चावल एवं गेहूं मुफ्त दिया जाता है, मगर अब उनके बच्चों को यूके तथा कनाडा के वीजे, नौकरियां, मुफ्त पढ़ाई तथा बुरी ताकतों से रक्षा करने का वायदा किया जाता है।

किसी धर्म की आबादी कितनी बढ़ रही है, इससे किसी अन्य धर्म या संस्था को कोई सरोकार नहीं होना चाहिए, किंतु जब यह लगे कि यह धर्म परिवर्तन जबरदस्ती या लालच देकर करवाया जा रहा है, तो उस धर्म के नेताओं, जिनके धर्म के लोगों का धर्म परिवर्तन हो रहा है, का चिंतित होना बनता है, क्योंकि यह परिवर्तन कानूनी तौर पर भी गलत है। कुछ समय पहले इस सबको भांपते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा इस धर्म परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए घर-घर में धर्मशाल प्रोग्राम शुरू किया गया था। इसके अतिरिक्त श्री अकाल तख्त साहिब के उस समय के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने भी यह आरोप लगाया था कि ईसाई प्रचारक जबरदस्ती तथा लालच देकर सिखों को ईसाई बना रहे हैं और उन्होंने धर्म परिवर्तन विरोधी कानून बनाने की मांग भी की थी।

मगर शिरोमणि कमेटी की मुहिम का कोई खास असर नहीं हुआ तथा नये चर्च कुकुरमुत्तों की तरह बन रहे हैं। यह भी दावा किया जा रहा है कि पंजाब में अब 65000 पादरी ईसाई धर्म का प्रचार कर रहे हैं और पंजाब के 8000 गांवों में ईसाइयों की कमेटियां बनी हुई हैं।

फरवरी 2023 में अंग्रेजी के समाचार पत्र द ट्रिब्यून ने यह रिपोर्ट छापी थी और दावा किया था कि गुरदासपुर के एक एसजीपीसी सदस्य ने स्वीकार किया है कि ईसाइयों ने एक धार्मिक संस्था बनायी है, जिसका नाम शिरोमणि चर्च प्रबंधक कमेटी रखा गया है और यह अपने धार्मिक गीत भी सिखों के कीर्तन करने की तरह ही गाते हैं। इन्हीं कारणों से सिख संगत में रोष तथा चिंता पायी जा रही है। इसलिए सिख पंथ का प्रतिनिधि संगठन होने के कारण एसजी.पीसी को गंभीरता दिखाते हुए इस रुझान को रोकने के लिए सिंह सभा लहर जैसी कोई लहर चलानी चाहिए।

**(लेखक : भाजपा प्रवक्ता पंजाब हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# भारत की कनाडा को गंभीर परिणाम की चेतावनी

## अमित शाह पर बेतुके आरोपों से भड़का भारत, कनाडा के प्रतिनिधि को किया तलब

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ बेतुके आरोप लगाने वाले कनाडा पर भारत भड़क गया है और चेतावनी दी है कि इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना हरकतों के द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब करते हुए कड़ा विरोध भी जताया है। पिछले साल खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच रिश्तों में खटास आ गयी है और हाल के दिनों में कनाडा ने भारत के खिलाफ बिना सबूत के कई बेतुके आरोप लगाये हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने कल कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया था। 29 अक्टूबर को ओटावा में सार्वजनिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा पर स्थायी समिति की कार्यवाही के संदर्भ में एक राजनयिक नोट सौंपा गया। नोट में यह बताया गया कि भारत सरकार उप-मंत्री डेविड मॉरिसन द्वारा समिति के समक्ष भारत के केंद्रीय गृह मंत्री के बारे में किये गये बेतुके और निराधार संदर्भों का कड़े शब्दों में विरोध करती है।

कनाडा ने आरोप लगाया था कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कनाडा की धरती पर सिख अलगाववादियों को निशाना बनाने की साजिश के पीछे थे। कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने एक संसदीय पैनल से कहा कि उन्होंने वॉशिंगटन पोस्ट को बताया कि शाह साजिशों के पीछे थे। बुधवार को अमेरिका ने शाह के खिलाफ कनाडा के आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्हें चिंताजनक बताया।

**भारतीय अधिकारियों की जासूसी का आरोप :** इधर भारत ने कनाडा पर गंभीर आरोप लगाया है कि जस्टिन ट्रूडो सरकार वहां के भारतीय अधिकारियों की ऑडियो और वीडियो निगरानी कर रही है। रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारे कुछ वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को हाल ही में कनाडा सरकार द्वारा बताया गया कि वे ऑडियो और वीडियो निगरानी में हैं और यह निगरानी अब भी जारी है। उनके कम्युनिकेशन को भी बाधित किया गया है। हमने कनाडा सरकार के समक्ष औपचारिक रूप से विरोध जताया है, क्योंकि हम इसे प्रासंगिक राजनयिक और वाणिज्य दूतावास सम्मेलनों का घोर उल्लंघन मानते हैं। तकनीकी पहलुओं का हवाला देकर कनाडा सरकार इस तथ्य को उचित नहीं ठहरा सकती। हमारे राजनयिक और वाणिज्य दूतावास अधिकारी पहले से ही उग्रवाद और हिंसा के माहौल में काम कर रहे हैं।

### अमेरिकी प्रतिबंधों पर भारत का जवाब

# कंपनियों ने किसी कानून का नहीं किया उल्लंघन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत ने शनिवार को भारतीय फर्मों पर हाल ही में लगाये गये अमेरिकी प्रतिबंधों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस मामले पर बात करते हुए कहा है कि भारतीय कंपनियों ने किसी भी राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं किया है। गौरतलब है कि यूएस स्टेट डिपार्टमेंट द्वारा घोषित किये गये प्रतिबंधों में 19 भारतीय कंपनियां और दो व्यक्तियों के नाम शामिल हैं। अमेरिका ने इन पर यूक्रेन में चल रहे युद्ध के दौरान रूस की सेना के लिए कथित तौर पर सैन्य उपकरण और टेक्नोलॉजी की आपूर्ति करने का आरोप लगाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को कहा, हमने अमेरिकी प्रतिबंधों की रिपोर्ट देखी है। भारत के पास रणनीतिक व्यापार और व्यापार नियंत्रण पर एक मजबूत कानूनी और नियामक ढांचा है। हम तीन प्रमुख बहुपक्षीय निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं- वासेनार व्यवस्था, ऑस्ट्रेलिया ग्रुप और मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था के सदस्य भी हैं और वैश्विक कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू कर रहे हैं। हमारी समझ यह है कि प्रतिबंधित कंपनियां भारतीय कानूनों का उल्लंघन नहीं कर रही हैं। फिर भी भारत की साख को ध्यान में रखते हुए हम सभी प्रासंगिक भारतीय विभागों और एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में भी हैं।

# फर्जी आंकड़े और मनगढ़ंत आरोप लगा रही है कांग्रेस : हरदीप पुरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** कर्नाटक में बजट को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को पीएम मोदी की टिप्पणी के बाद अब केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हमेशा अपने वादों पर खरी उतरी है, वहीं कांग्रेस पर संकट के बादल छाये हुए हैं। कांग्रेस और भाजपा फिलहाल एक-दूसरे पर चुनावी वादों को पूरा न करने का आरोप लगा रही हैं। इसी कड़ी में हरदीप पुरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता अपनी भ्रामक राय सार्वजनिक करने से पहले तथ्यों की जांच तक नहीं करते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी बात रखते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले कुछ सालों में भारत में रोजगार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। रोजगार दर में लगभग 36% की वृद्धि हुई है। 2016-17 और 2022-23 के बीच लगभग 17 करोड़ नौकरियां पैदा हुई हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं उन्हें यह भी याद दिलाना चाहता हूं कि हम बहुत जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं। कांग्रेस के अर्थशास्त्रियों और नीतियों ने हमें 2014 में 11वें स्थान पर धकेल दिया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करते हुए देश की जीडीपी इसी अवधि के दौरान औसतन 6.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ी। रोजगार में सुधार पर जोर डालते हुए हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारतीय श्रम बाजार के आंकड़े बताते हैं कि 2022-23 में बेरोजगारी दर घटकर 3.2 प्रतिशत हो गयी है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की आलोचना करते हुए, हरदीप पुरी ने कहा कि खड़गे इस बात से अनजान हैं कि 2017-2023 के बीच श्रमिक जनसंख्या की दर में लगभग 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, वह गलत जगहों पर देख रहे हैं और उन्हें गलत डेटा मिला है या वह अपनी पार्टी के शहजादे की 'बेरोजगारी' को लेकर बहुत ज्यादा चिंतित हैं।

# एलएसी पर डेमचोक के बाद देपसांग में भी भारतीय सेना की गश्त शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना ने देपसांग में गश्त शुरू कर दी है। यह पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच तनाव वाला बिंदु था। सेना ने गुरुवार को डेमचोक में गश्त शुरू हुई थी। उससे पहले पहले भारतीय और चीनी सैनिकों ने पूर्वी लद्दाख के इन दोनों तनाव वाले बिंदुओं से पीछे हटने की प्रक्रिया को पूरा किया। सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि चीन के साथ गश्त के समझौते के बाद डेमचोक और देपसांग में आपसी सहमति से गश्त शुरू हो गयी है। गुरुवार को दोनों देशों के सैनिकों ने एलएसी पर दिवाली के मौके पर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। यह परंपरा उस समय पूरी की गयी, जब दोनों देशों ने डेमचोक और देपसांग में सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया को पूरा किया, जिससे दोनों देशों के संबंधों में नरमी देखने को मिल रही है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव : कमला का खर्च ट्रंप से दोगुना

**6 बिलियन डॉलर तक पहुंचा, ट्रंप विज्ञापनों पर ज्यादा खर्च कर रहे**

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में 2024 चुनावों पर होने वाला कुल खर्च करीब 16 बिलियन डॉलर (करीब 13 हजार 280 करोड़ रुपए) तक पहुंच सकता है। अमेरिकी चुनाव पर रिसर्च करने वाली एनजीओ ओपन सीक्रेट्स के मुताबिक यह दूसरा सबसे महंगा चुनाव हो सकता है। अमेरिका में 2020 का चुनाव सबसे महंगा था। इसमें करीब 18 बिलियन डॉलर (15 हजार 500 करोड़ रुपये) खर्च हुए थे। 1998 के चुनावों में कुल 3.12 बिलियन डॉलर खर्च हुए थे। अब 25 साल बाद ये खर्च बढ़कर करीब 6 गुना हो चुका है। ओपन सीक्रेट्स की रिपोर्ट के मुताबिक अभी कुल खर्च में थोड़ा अंतर आ सकता है, क्योंकि चुनाव में अभी भी कुछ दिन बाकी हैं।

**चुनाव प्रचार के कुल खर्च में कमला से पीछे हैं ट्रंप :** चुनाव अभियान में पैसा लगाने के मामले में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को काफी पीछे छोड़ दिया है। फेडरल इलेक्शन कमीशन के डेटा के मुताबिक राष्ट्रपति पद की रेस में शामिल होने के बाद से ही कमला हैरिस ट्रंप की तुलना में काफी ज्यादा खर्च कर रही हैं। कमला ने चुनाव प्रचार में अब तक 800 मिलियन डॉलर (6 हजार 640 करोड़) से अधिक खर्च किये हैं। इसमें कमला का समर्थन कर रहीं सुपर पीएसीएस और उनके समर्थकों का खर्च शामिल नहीं है। सुपर पीएसीएस ऐसे राजनीतिक ग्रुप को कहा जाता है, जो उम्मीदवारों के समर्थन में चंदा इकट्ठा करने और प्रचार अभियान चलाने का काम करते हैं। वहीं ट्रंप ने अपने अभियान पर कुल 360 मिलियन डॉलर (करीब 3 हजार करोड़ रुपये) खर्च किये हैं।

# श्रीनगर में विदेशी आतंकी ढेर, सेना ने उड़ाया ठिकाना

**श्रीनगर (आजाद सिपाही)।** श्रीनगर के खानयार क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में एक विदेशी आतंकी मारा गया है। मुठभेड़ के दौरान सेना ने उस घर को आइइडी से उड़ा दिया, जिसमें आतंकी छिपे हुए थे। धमाके के बाद घर पूरी तरह ध्वस्त हो गया। माना जा रहा है कि मलबे में कई आतंकी फंसे हुए हैं। इस बीच, बांदीपोरा में शुक्रवार की शाम से सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी का सिलसिला जारी है। सुरक्षा बलों ने इलाके को चारों ओर से घेर लिया है और आतंकवादियों की तलाशी जारी है। इस अभियान के दौरान सेना ने दो पिट्ठू बैग बरामद किये हैं, जिन्हें संदिग्ध सामग्री के रूप में देखा जा रहा है। सुरक्षा बलों ने आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान तेज कर दिया है और स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे अपने-अपने घरों में सुरक्षित रहें। इसके अलावा अनंतनाग जिले में एक मुठभेड़ के दौरान एक विदेशी आतंकवादी और एक स्थानीय आतंकवादी को मार गिराया गया। पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के अनुसार एक अन्य आतंकवादी अभी भी मुठभेड़ स्थल पर फंसा हुआ है और ऑपरेशन जारी है।

# पश्चिम बंगाल में लड़की की दुष्कर्म के बाद हत्या

- **ग्रामीणों ने आरोपी को पीट-पीटकर मार डाला**

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में एक लड़की के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गयी। इसके बाद गुस्साये ग्रामीणों ने एक आरोपी को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना फलकाटा इलाके में हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि लड़की का शव एक तालाब में मिला, जिसके बाद ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को पेड़ से बांध दिया। उस पर आरोप है कि वह आरोपियों में से एक था। इसके बाद उसकी बेरहमी से पिटाई की गयी। पुलिस ने 40 वर्षीय व्यक्ति को बचाया और उसे अस्पताल ले गयी, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में एक अन्य व्यक्ति ने स्थानीय पुलिस थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। गुस्साये ग्रामीणों ने पीड़िता के लिए न्याय और आत्मसमर्पण करने वाले आरोपी को मौत की सजा की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इलाके में शांति बनाये रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

## भाजपा ने किया जनसभा का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के द्वारा टण्डवा जनकपुर मुहल्ला वार्ड न 20 में मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष राज कुमार आनंद कुमार बबलू कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी सत्येन्द्र नाथ तिवारी उपस्थित थे। मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि गढ़वा में मंत्री के द्वारा भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण कायम है। जिसे सरकार बनने पर समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग 13 तारीख को भाजपा के कमल निशान पर बटन दबा कर बाबूलाल मरांडी के हाथों को मजबूत कर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाये। मंत्री के द्वारा विकास का सिर्फ.ढिंढोरा पीटा जा रहा है और टंडवा जैसे जगह पर मूलभूत विकास नहीं किया गया है। अब समय आ गया है यहाँ से इस भ्रष्टाचारी मंत्री को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के सभी रोड नाली जर्जर है और भ्रष्टाचार कायम है टंडवा के जनता को आने जाने के लिए पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी के समय पीपा पुल का निर्माण के लिए राशि उपलब्ध नगर परिषद को कराया गया था। उस राशि को भी सरेंडर कर यहां मंत्री पीपा पुल का निर्माण नहीं करा पाये। और कहते हैं कि गढ़वा में बहुत विकास हुआ है। सिर्फ.इनका विकास कागज पर दिखता है। जमीन पर नहीं दिखता है। कार्यक्रम में टंडवा के सभी महिलाएं, पुरुष एवम किसान तथा युवा साथ हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

## छठ महापर्व के सफल आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक



**केतार (आजाद सिपाही)।** सुप्रसिद्ध भगवान भास्कर नगरी मुकुंदपुर स्थित नारायण वन मंदिर परिसर में शुक्रवार को 1 बजे तीन दिवसीय छठ महापर्व का सफल आयोजन के लिये शांति समिति का बैठक आयोजित की गयी। शांति समिति के बैठक की अध्यक्षता सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन मंदिर समिति के संरक्षक अजय वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी रामविचार साहू ने दिया। इस कार्यक्रम में सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि छठ महापर्व के अवसर पर सूर्य नारायण मंदिर परिसर में झारखंड समेत देश के अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं आते है। आदर्श आचार संहिता को देखते हुए प्रशासन एवं मंदिर समिति के लोग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। ताकि इस पावन स्थल पर आने वाले आगंतुकों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि तीन ओर से पहाड़ी वादियों से घिरा यह मनोरम स्थल पर तीन दिवसीय मेला लगना एवं इस मेला में लाखों लोगों का सेवा करना बहुत ही सौभाग्य की बात है। प्रशासन से जितना भी सहयोग चाहिए सहयोग के लिए तत्पर है। थाना प्रभारी ने विधि व्यवस्था को लेकर कई निर्देश दिये। मुख्य रूप से लाइटिंग,साउंड,सुरक्षा, स्वास्थ्य पर विचार विमर्श किया। उन्होंने मंदिर समिति के पदाधिकारियों से कहा कि मेला परिसर में लाइटिंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना है। इस मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, संसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, पाचाडुमर मुखिया श्याम सुंदर बैठा, रेंजर प्रमोद कुमार ठाकुर, उप प्रमुख शंभू सिंह, विक्रमा सिंह सहित काफी लोग उपस्थित थे।

## भवनाथपुर में छठ घाट की सफाई शुरू



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत सभी जगहों पर होने वाले छठ महापर्व की तैयारी में विभिन्न पूजा कमिटी के सदस्य ग्रामीणों के द्वारा छठ घाट की साफ सफाई में जुट गये है। शनिवार को अवधूत भगवान राम सर्वेश्वरी आश्रम स्थित छठ घाट पर श्रीराम सेना के अध्यक्ष गौरव सिंह नेतृत्व में सदस्यों द्वारा जेसीबी मशीन लगवाकर छठ घाट की साफ सफाई किया गया। इस दौरान छठ घाट के साथ साथ नदी की साफ सफाई किया गया। इस मौके पर श्रीराम सेना के हर्षित सिंह, अमित सिंह, गौतम सिंह, ध्रुव सिंह, विपुल सिंह, आदित्य सिंह, अंश सिंह, सुभाष गुप्ता, बबुआजी सहित कई लोग शामिल थे।

# सीएम हेमंत रंका में आज

## कल्पना सोरेन चिनियां और मेराल में चार को

**मिथिलेश ठाकुर के समर्थन में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका, चिनियां एवं मेराल में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। रविवार 3 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रंका पहुंचेंगे। वहां उच्च विद्यालय रंका के मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। जबकि स्टार प्रचारक गांडेय विधायक कल्पना सोरेन सोमवार 4 नवंबर को चिनियां एवं मेराल आएंगी। वे चिनियां के चिरका स्थित आइटीआइ के मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। उसके बाद मेराल में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। झामुमो के दोनों स्टार प्रचारक इंडिया गठबंधन के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने बताया कि झामुमो के स्टार प्रचारक झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम रविवार 3 नवंबर को प्रातः 11:00 बजे तथा कल्पना सोरेन का कार्यक्रम 4 नवंबर सोमवार को प्रातः 11 बजे चिनियां तथा 12 बजे मेराल में होगा। बीते दिनों भी मंईयां सम्मान यात्रा तथा मंत्री श्री ठाकुर के नामांकन सभा के दौरान हजारों की संख्या में महिलाओं सहित ग्रामीण पहुंचकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाये थे। इसी प्रकार आगामी रविवार व सोमवार को भी ऐतिहासिक चुनावी सभा का आयोजन होगा।

## मिथिलेश ठाकुर ने किया झामुमो के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि चुनाव में यहां बहुत सारे बरसाती मेढ़क आ रहे हैं। चुनाव समाप्त होते ही वे गधे की सिंग की तरह गायब हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी को झूठ और सांप्रदायिकता को हराना है, विकास को जिताना है। मंत्री श्री ठाकुर इंडिया गठबंधन, झामुमो के केंद्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा के कल्याणपुर में नया समाहरणालय के बगल में स्थित शिवा रिसोर्ट में झामुमो के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का तथा रंका मोड़ स्थित होटल ठाकुर महल में झामुमो के चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि असली समाजवादी कभी अवसरवादी नहीं होते हैं। जो अवसरवादी होते हैं वे जाल बुनने में बड़े माहिर होते हैं। उन्होंने पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी एवं गिरिनाथ सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 साल एवं 17 साल वाले लोग ऐसे ही हैं। मंत्री ने कहा कि ऐसे अवसरवादी लोगों का एक ही सिद्धांत होता है, जहां दाल गली, वहीं चली। यहां पूरे देश से ठगने वाले लोग आ रहे हैं। वैसे लोगों से जनता को सावधान रहना है। पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र का नहीं सिर्फ अपना विकास किया है। जबकि मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा की धरती को ऐतिहासिक बना दिया है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# भानु प्रताप शाही ने निकाली जन आशीर्वाद यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बनसानी, मकरी एवं भवनाथपुर पंचायत में शनिवार को विधायक भानु प्रताप शाही ने जन आशीर्वाद यात्रा निकाली। आशीर्वाद यात्रा कार्यक्रम में बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। जन आशिर्वाद यात्रा के दौरान विधायक विधायक भानु ने कहा कि जनता का तीन बार से आशीर्वाद मिलते आ रहा है, इसके लिए वह पंचायत के ग्रामीणों के ऋणी है। उन्होंने पंचायत वासियों से आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। विधायक भानु ने भाजपा नेत्री सीता सोरेन के उपर मंत्री इरफान अंसारी द्वारा की गयी अभद्र टिप्पणी पर चेतावनी देते हुए कहा की एक विधवा आदिवासी महिला वह भी राज्य के मुख्यमंत्री के भाभी के ऊपर अभद्र टिप्पणी किया, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कुछ नही बोला। उन्होने कहा बाबूलाल मरांडी के सरकार बनते हीं सबसे पहले मंत्री इरफान अंसारी के घर पर बुलडोजर चलेगा।

### भानु प्रताप ने मनाया 47 वां जन्मदिन



**केतार (आजाद सिपाही)।** आगामी 13 नवंबर चुनाव को लेकर क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने आशीर्वाद यात्रा अंतर्गत शनिवार को केतार बाजार पहुंचकर उपस्थित लोगो से आशीर्वाद लिया। सर्वप्रथम कपूरीं गेट से पद यात्रा करते हुए बाजार पहुंचे जहा मंडल इकाई के द्वारा आयोजित जनसभा में केक काट कर व वृद्ध महिलाओं को केक खिलाकर अपना 47 वां जन्मदिन मनाया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए विजया लक्ष्मी ने कहा की आजकल अपने आप को सामंती राजा मनाने वाले अनंत प्रताप देव के बोल बिगड़ गये है। तीन-तीन बार विधायक और झारखंड के मंत्री रह चुके भानु प्रताप शाही को भानुआ सहित अन्य अमर्यादित शब्द प्रयोग करते फिर रहे है तो आप सब समझ सकते हैं कि हम लोगों के लिए वह कैसे-कैसे शब्द प्रयोग करेंगे वे सिर्फ नाम का चुनाव लड़ रहे हैं।


## Format C-2

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

(As per the judgment dated 25 th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name of Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**
Name of Election : **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTION-2024**
Name of State/UT : **JHARKHAND**

| 1 | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & Stats of the Case (S) | Sections of The Acts Concerned & Brief Description of offence (S) | Name of Court & Dates (S) of Order (s) | Description of Offence (S) & Punishment Imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 44-Baharagora | Samir Kumar Mohanty | SDJM,Ghatsila. Case No-G.R. No. 23/2020, Trial is undergoing. Charges have not been framed yet. | 379,384,353 of IPC.Case is related to disturbance in Government work, theft of govt. property and loss of government revenue | NA | NA | NA |
| 2 | 44-Baharagora | Samir Kumar Mohanty | Court of the ACJM,Ghatsila. Chakulia PS Case No. 68/2024. Under investigation by the police. | 223 BNS The case is related to disobeying the moral code of conduct during Vidhansabha Election-2024 | NA | NA | NA |

**Sd/-**
**SAMIR KUMAR MOHANTY**
**JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)**
**JHARKHAND**

## प्रारूप C-2

**पार्टी द्वारा खड़े दिए गए अभ्यर्थीयों के आपराधिक पूर्वकृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

राजनीतिक दल का नाम :- **झारखण्ड मुक्ति मोर्चा**
निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा निर्वाचन 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **80, गढ़वा**
राज्य का नाम : **झारखण्ड**

मैं **मिथिलेश कुमार ठाकुर** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँः-

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (A) लंबित आपराधिक प्रकरण | | (B) दंडनीय अपराध का दोषसिद्ध प्रकारणों के सम्बध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम, प्रकारण संख्या एवं प्रकारण (नों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों के अनुभाग और अपराध (ओं) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम और आदेशों की तिथि (यां) | अपराध (ओं) का विवरण और लगाया गया दंड | अधिकतम लगाया गया दंड |
| 1. | 80, गढ़वा | मिथिलेश कुमार ठाकुर | 1. एम.पी.एम. एल.ए. स्पेशल कोर्ट, पलामू डालटनगंज जी आर. नं0 2683/21 अंतिम रिपोर्ट पर सुनवाई 2. मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी गढ़वा थाना काण्ड सं0 248/2024 अंतिम रिपोर्ट पर सुनवाई | 171 (H) भा.द.वि. एवं 127 (I) आर.पी. एक्ट 133 आर.पी. एक्ट एवं 188 भा.द.वि | X | X | X |

ह0/-
**मिथिलेश कुमार ठाकुर**
झारखण्ड मुक्ति मोर्चा
निर्वाचन विधानसभा 2024

## Format C-1

**(for candidate to publish in Newspapers, TV)**

Declaration about criminal cases
(As per the judgement dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and Address of candidate: **Sanjay Kumar Singh Yadav, Purendra Bigha, Hussainabad, Palamu.**
Name of political party: **Rashtriya Janata Dal**
Name of election: **General Assembly Election of Jharkhand 2024**
"Name of Constituency: **79 Hussainabad**
I **Sanjay Kumar Singh Yadav** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Add. Dist. Judge Palamu | GR1683/87 | Pending in court | 341, 323, 325, 307 |
| 2. | Smt. Samira Khan 1st class Judicial Magistrate | GR 273/20 | Pending in court | 171H, 188 |
| 3. | SDJM Daltonganj | P.S. Case No. 222/2022 | Pending in court | 147, 148, 149, 341, 307, 323, 325, 326, 27 Arms Act |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences
"In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Sd/-**
**Sanjay Kumar Singh Yadav**

# राज्य को बचाने के लिए हेमंत को दुबारा लाना है : कालीचरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि राज्य को बचाने के लिए हेमंत सरकार को दुबारा लाना है। उन्होंने कहा कि तपकारा में हुई चुनावी सभा से इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि दुगुने जोश के साथ पार्टी प्रत्याशी को जिताने का काम करेंगे। सांसद ने कहा कि यह चुनाव नहीं, अपने गांव-घर को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि अपने राज्य, अपने इलाके को बचाने के लिए हेमंत सोरेन के हाथ को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा अडानी व अंबानी जैसे पूंजीपतियों को यहां बसाना चाहती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोकसभा चुनाव में वोट देकर इंडिया गठबंधन को जिताने का काम किया था, उसी तरह आगामी 13 नवंबर को वोट देकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताना है।

## जिले की दोनों सीट जीतेंगे : जुबैर अहमद

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि खूंटी जिले की दोनों सीटें खूंटी व तोरपा पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों से यहां की जनता काफी प्रभावित है। लोग उनके काम को देखकर वोट देंगे।

## बेटा बनकर सेवा करूंगा: सुदीप गुड़िया

तोरपा से झामुमो प्रत्याशी सुदीप गुड़िया ने कहा कि एक बार मौका दें। नेता नहीं, बेटा बनकर क्षेत्र की सेवा करूंगा। कहा कि वे लोगों उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

## जल, जंगल, जमीन बचाने के लिए वोट करें: दयामनी

सामाजिक कार्यकर्त्ता दयामनी बारला ने कहा कि 2024 का झारखंड का चुनाव हमें हर हाल में जितना है। केंद्र में आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर के साथ लोकतंत्र विरोधी सरकार है। यह झारखड पर कब्जा करना चाहती है। हमें ऐसा नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को जल, जंगल, जमीन सहित आदिवासी व मूलवासी को बचाने के लिए वोट देना है।

# 369 पैकेट लाल गेहूं का नि:शुल्क वितरण

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** जयसवाल समिति बुंडू के द्वारा शनिवार को नगर पंचायत बुंडू के बाबूराम टोली स्थित जयसवाल और धर्मशाला में छठ व्रत रखने वाले लोगों के बीच निशुल्क 369 पैकेट लाल गेहूं का वितरण किया गया। इस मौके पर रितेश जयसवाल, दीपक जयसवाल, संतोष जयसवाल, संतोष जयसवाल, पंकज चौधरी, राकेश जयसवाल, पंकज जयसवाल, विशाल जयसवाल, संतोष जयसवाल, अमित जयसवाल, सुमित जयसवाल, विनोद भगत तथा अन्य सदस्य मौजूद थे।

# मृत विश्वासियों का स्मरण दिवस मना



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** काथलिक कब्रिस्तान पतराटोली, बुंडू में मृत विश्वासियों का स्मरण दिवस मनाया गया। पवित्र मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया। जिसमें पुरोहित फा क्लावेर मिंज ने अपने प्रवचन में कहा कि आत्मा अमर है, मृत्यु ही अतिंम सच्चाई है, हम सभी पृथ्वी पर एक तीर्थयात्री के रूप में यात्रा कर रहे हैं। इस समारोह में फा प्रदीप, फा दामियन, जोन टुटी, सुरेश सांडिल, सुदीप, प्रदीप, सुमन एंव अन्य विश्वासी गण उपस्थित हुए।

# अपना विधायक ऐसा चुनें, जो सुख-दुःख में साथ हो : नीलकंठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** विधानसभा चुनाव में आप अपना विधायक उसी व्यक्ति को चुनें, जो आपके सुख-दुःख में हमेशा आपके साथ रहे। अपने विधानसभा क्षेत्र से बाहर के लोगों को आप अपना प्रतिनिधि चुनेंगे, तो वह कभी आपके सुख-दुःख में कभी आपका साथ नहीं देगा। दूसरे विधानसभा क्षेत्र का उम्मीदवार, जिसे आप पहचानते तक नहीं, भला वह आपका साथ कैसे दे सकता है। इसलिए हमेशा अपने गांव-घर के उम्मीदवार को ही विधानसभा चुनाव में अपना वोट दें। ये बातें खूंटी विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी और वर्तमान विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कही। नीलकंठ सिंह मुंडा शनिवार को खूंटी में भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद और स्नेह से मैं पिछले 25 वर्षों से लगातार खूंटी का विधायक बनता आ रहा हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि इस चुनाव में भी मतदाताओं का आशीर्वाद मुझे मिलेगा और छठी बार मुझे विधायक के रूप में क्षेत्र की जनता की सेवा करने का मौका मिलेगा। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि पिछले 25 वर्षों में जितना विकास खूंटी विधानसभा क्षेत्र का हुआ है, उतना विकास तो हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र का भी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि विधायक ने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र के 98 फीसदी गांवों में बिजल, सड़क, पानी जैसह बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। हाल ही में छह बड़े पुलों की स्वीकृति दिलाई है। उनहोंने कहा कि जब मैं राज्य में मंत्री बना, तो महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए 36 सौ सखी मंडलों का बठन कराया और उन्हें स्वावलंबी बनाया। मुंडा ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार को बहनों की चिंता नहीं है। कहा कि महिलाओं और गरीबों के विकास के लिए भाजपा सरकार ने जिनती योजनाएं शुरू की थी, हेमंत सरकार ने उन सभी योजनाओं को बंद करा दिया।

## खूंटी में खुला भाजपा का चुनावी कार्यालय



# एनडीए के पक्ष में जोरदार लहर चल रही है : संजय झा

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ विधानसभा के एनडीए समर्थित जदयू के उम्मीदवार पूर्व मंत्री राजा पीटर के द्वारा तमाड़ स्थित होटल कोमिडा काशा में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में तमाड़ विधानसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री राजा पीटर के साथ मुख्य रूप से जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री ललन सिंह बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद खीरू महतो एवं झारखंड प्रदेश संयोजक शैलेंद्र महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में एनडीए के पक्ष में जोरदार लहर चल रही है और इस चुनाव में झारखंड की जनता ने एनडीए को पूर्ण बहुमत देने का मन बना लिया है। झारखंड की जनता वर्तमान हेमंत सरकार के झूठें वायदे एवं झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है। झारखंड के हर विभाग में बड़े पैमाने पर सिर्फ भ्रष्टाचार ही हुआ है। जिसकी परते अब परत दर परत खुल रही है। केंद्रीय मंत्री एवं जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा की वर्तमान हेमंत सरकार जनता के विकास में फिसड्डी साबित हुई है झारखंड की जनता को 5 सालों में सिर्फ छलावा ही मिला है। उन्होंने कहा की तमाड विधानसभा की जनता मुख्य रूप से खेती पर निर्भर है और किसानों के हित के लिए हेमंत सरकार ने कुछ भी नहीं किया उन्होंने जनता से जदयू प्रत्याशी राजा पीटर को वोट देकर जीताने की अपील की एवं कहा की राजा पीटर के चुनाव जीतने के बाद केंद्र सरकार के साथ मिलकर तमाड़ के किसानों के लिए लाभकारी योजनाओं को तमाड़ में स्थापित की जायेगी। जिससे कि यहां के किसानों को खेती करने एवं उपजाए हुए फल सब्जियां एवं खाद्य सामग्री को अच्छा बाजार प्रदान किया जा सके।

# डॉ रामदयाल मुंडा के सुपुत्र गुंजल इकिर मुंडा ने तोड़ांग पंचायत का दौरा किया



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां सक्रिय हो गयी हैं। इसी बीच तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी और डॉ रामदयाल मुंडा के सुपुत्र गुंजल इकिर मुंडा ने तोड़ांग पंचायत का दौरा किया। गुंजल इकिर मुंडा ने तमाड़ क्षेत्र में अपने राजनीतिक अभियान के तहत लोगों से बातचीत की। उन्होंने गांव के लोगों की समस्याओं को सुना और उनकी चिंताओं को समझने की कोशिश की। गांव वालों ने बताया कि उन्हें जल, बिजली, और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, कृषि से जुड़ी समस्याएं भी मुख्य मुद्दा हैं, जैसे सिंचाई की सुविधा और उचित मूल्य पर खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता। गुंजल मुंडा ने अपनी योजनाओं के बारे में बताया, जिसमें स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग और विकास परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने ग्रामीणों को क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं स्थापित कर लोगों की समस्याओं को कम करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि अगर वे जीतते हैं, तो वे उनके मुद्दों को प्राथमिकता देंगे और क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे। ग्रामीणों ने कहा, क्षेत्र के लोग अब बदलाव की आशा कर रहे हैं और एक सक्षम नेतृत्व की तलाश में हैं साथ ही गुंजल इकिर मुंडा को समर्थन देने की बात कही।

# मोटरसाइकिल से गिरने से व्यक्ति का मौत



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डिबाडीह के समीप सिल्ली टीकर-टाटा सड़क पर एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति असंतुलित होकर गिर गया। मोटरसाइकिल से गिरने से तत्काल व्यक्ति का मौत हो गया। घटना शनिवार शाम 5 बजे के आसपास बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हीरो स्प्लेंडर बाइक जेएच 01ईजे 7336 से जमशेदपुर से सिल्ली की ओर जा रहा था। डीबाडीह के समीप घुमावदार मोड़ में असंतुलित होकर गिर गया जिससे तत्काल उसकी मौत हो गया। व्यक्ति की पहचान सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत श्यामनगर गांव के 28 वर्षीय उमेश चंद्र महतो के रूप में हुआ है। घटना की सूचना पर सोनाहातू पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर आवश्यक कारवाई करते हुए शव को कब्जे में ले लिया।

# पिपरवार के बचरा में चित्रगुप्त पूजा आज

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफीसर्स क्लब में चित्रांश महापरिवार के द्वारा आज चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया जायेगा। पूजा को लेकर सारी तैयारी पुरी कर ली गयी है। आयोजन समिति के अश्विनी दराद और दिलिप कुमार अंबष्ट ने बताया कि सुबह 11 बजे विधिवत पूजा प्रारंभ होगी, जिसके बाद दोपहर दो बजे प्रसाद वितरण और शाम को आरती का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में चित्रांश महापरिवार के सभी सदस्य सपरिवार शामिल होंगे। कहा कि पूजा को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

## Format C-2

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

As per the judgment dated 25" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party: **AJSU PARTY**
Name of Election : **JHARKHAND STATE ASSEMBLY ELECTIONS, 2024**
Name of State/ UT: **JHARKHAND**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal Cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & Status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | **24 – Mandu** | **Shri Nirmal Mahto** | Chief Judicial Magistrate, Ramgarh G.R. Case No.1303 /2011arising out of Ramgarh PS Case No.122/2011 Stage: Evidence | Offence u/s 147, 148, 149, 114, 448, 427 IPC (Offence related to unlawful assembly and rioting) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Additional Chief Judicial Magustrate, Ramgarh G.R. Case No.710/2016 arising out of Mandu PS Case No. 186/2016 Stage: Appearance | Offence u/s 147, 148, 149, 114, 448, 427 IPC(Offence related to unlawful assembly and rioting) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Smt. Piyesha Singh Sardar 1st Class J.M., Ramgarh, G.R. Case No. 561/2017 arising | Offence u/s 419, 420, 467, 468, 471, 120(B), 34 IPC (Offence related to | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | out of Patratu PS Case No.140/2017 Stage:Appearance Smt. Pratima Oraon, J.M. Ramgarh G.R. Case No. 583/ 2022 arising out of Ramgarh PS Case No. 415/2020 Stage: Appearance | cheating and forgery) Offence u/s385, 387, 34 IPC (Offence related to fear of injury to commit extortion) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Smt. Pratima Oraon, J.M. Ramgarh G.R. Case No. 55/2021 arising out of Ramgarh PS Case No. 279/2020 Stage: Appearance | Offence u/s 147 269, 270, 271 IPC & u/s 2, 3, 4 of the Epidemic Disease Act (Negligent Act Likely to Spread Infection of DiseaseDangerous) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | SDJM, Ramgarh G.R. Case No. 927/2020 arising out of Ramgarh PS Case No. 278/2020 Stage: Evidence | Offence u/s 148, 149, 385, 387, 379, 427, 504, 506 IPC (Offence related to unlawful assembly, rioting and ors.) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Smt. S. S. Minze, J.M., Hazaribagh G.R. Case No. 4261/2013 arising out of Giddi PS Case No. 68/2013 Stage: Appearance | Offence u/s 341, 323, 34 IPC (Offence related to Wrongful Restraint & Voluntarily Causing Hurt) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Ms. Priyanka Chopra, JM Hazaribagh G.R. Case No.1529/ 2023 arising out of Giddi PS Case No. 109/2022 Stage: Appearance | Offence u/s 341, 323, 353, 504, 506, 34 IPC(Offence related to Wrongful Restraint, Voluntarily Causing Hurt & Assault) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | ACJM, Tenughat Nawadih P.S. Case No. 66/2023 Stage: Appearance | Offence u/s 353, 171C, 171F, 34 IPC (Offence related to undue influence at elections) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Smt. S. S. Minze, J.M., Hazaribagh Giddi PS Case No. 69/2013 Stage: Appearance | Offence u/s 147, 148, 149, 323, 341, 504 IPC (Offence related to Wrongful Restraint) | **NA** | **NA** | **NA** |

**Sd./-**
**AJSU PARTY**
**JHARKHAND**

## रांची जिला जूनियर बालक-बालिका खो-खो टीम घोषित, कोडरमा रवाना



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय जूनियर बालक-बालिका का प्रशिक्षण शिविर रांची के धूर्वा स्थित लीची बागान प्रांगण, सेक्टर-2 एवं आरसी मिशन स्कूल लालगुटवा नगड़ी में आयोजित हुआ। शिविर वरीय खिलाड़ी विवेक कुमार, सुभाष गांगुली, संजय कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। गत दिनों रांची जिला जूनियर बालक-बालिका खो-खो टीम की घोषणा रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने किया। जो कोडरमा के जेजे महाविधालय मैदान में 3 से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाले 18वीं झारखंड राज्य-स्तरीय जूनियर खो-खो प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए शनिवार को हटिया रेलवे-स्टेशन से कोडरमा के लिए रवाना हुई। बालक वर्ग के कप्तान सन्नी कुमार, जबकि बालिका वर्ग की कप्तान हंसिका कुमारी है। टीम के साथ प्रशिक्षक पूजा तिर्की, प्रबंधक संतोषी कुमारी एवं चीफ डी मिशन सुभाष गांगुली भी रवाना हुए।

## बेड़ो में प्रतिमा विसर्जन के साथ काली पूजा संपन्न



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** जामटोली रोड स्थित श्रीश्री काली पूजा समिति के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय काली पूजा शनिवार को हवन पूर्णाहूति, आरती व शाम में प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। शुक्रवार की रात भक्तों के बीच महाप्रसाद खिचड़ी व खीर का वितरण किया गया। इसके पूर्व गुरुवार की रात में मां काली की प्रतिमा स्थापित कर मुख्य पुजारी अक्षय घोषाल की अगुवाई में यजमान सत्यजीत शर्मा ने पूरे विधि विधान के साथ मां काली की पूजा की। वहीं, पूजा के सफल आयोजन में वाणी कुमार राय, सौमित्र शर्मा, साधन कुमार राय, बलराम देवघरिया, विश्वजीत शर्मा, प्रशांत दत्ता, मुकेश राय, सुभाष शर्मा, प्रेम महतो, मनोरंजन देवघरिया, पार्थो दास गुप्ता, एसपी साहू, प्रशांत सेठ, पंकज गुप्ता, सरोज साहू, जितेंद्र गुप्ता, जयप्रकाश सिंह, संजीव दुबे, राजेश महतो, विवेक देवघरिया, आकाश कुमार रक्षित, शिवेंद्र सौरभ, मनीष सिंह, नीतीश देवघरिया, मनीष महतो, सुदामा वर्मा और राहुल सिंह आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## डोमा नदी छठ घाट की साफ-सफाई का किया निरीक्षण



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर ओरमांझी छठ पूजा समिति की ओर से डोमा नदी छठ घाट की साफ सफाई करायी जा रही है। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि छठ घाट परिसर को फुल माला, आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जाएगा। इसकी व्यापक तैयारियां की जा रही है। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष गुप्ता झुनकी ने बताया इस बार छठ पूजा की संध्या अर्घ्य के समय गंगा आरती विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। वहीं, छठ पूजा के सफल संचालन में समिति के उपाध्यक्ष नीरज सोनी, सोनू गुप्ता, मनोज महतो, कमलेश गुप्ता, सचिव कालीशंकर गुप्ता, उपसचिव कुमार सौरभ, भीम मुंडा, आनंद महतो, कोषाध्यक्ष मनीष दुबे, संतोष गुप्ता उपमुखिया, रूपेश साहू, संरक्षक रामकुमार महतो, अरूण मण्डल, दिलीप मेहता, सतीश बड़ाइक आदि का सरायनीय योगदान हैं।

## इटकी में गोवर्धन पूजा की गयी

**इटकी (आजाद सिपाही)।** गांवों में पशुपालकों की ओर से शनिवार को पारंपरिक गोवर्धन पूजा मनाया गया। सुबह अपने पशुओं को स्नान करा कर सजाया गया और गौशाला में गोबर व गोवर्धन भगवान की पूजा की गयी। गौ माता की आरती की गयी।

### लालगंज काली पूजा समिति की ओर से नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन

# भाजपा को वोट देकर कांग्रेस एवं झामुमो को विदाई दें: सन्नी टोप्पो



मंच से लोगों को संबोधित करते मांडर से भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के लालगंज काली पूजा समिति की ओर से काली पूजा पर नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने किया। उन्होंने मां काली के चरणों में मत्था टेक कर उनका आशीर्वाद लिया। लगे हाथ वहां मौजूद लोगों ने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि अबकी बार भाजपा को वोट देकर राज्य के कांग्रेस-झामुमो की गठबंधन सरकार को विदाई दें। वहीं, मांडर से बाबा-बेबी ( बंधु तिर्की-शिल्पी नेहा तिर्की) को उखाड़ फेंकें। कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो लापुंग के बनखंडी का सड़क निर्माण पहली प्राथमिकता होगी। वहीं, लापुंग में उच्च शिक्षा के लिए डिग्री कॉलेज की स्थापना के अलावे लापुंग प्रखंड व अंचल से भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकूंगा। दूसरी ओर, नागपुरी कालाकारों ने नागपुरी गीत से लोगों का मनोरंजन किया। एंकर लीलमैन तिर्की, सरिता बड़ाइक, प्रीति मेहर, बीरबल नायक, संगीता देवी के अलावे डांसर काजल और पायल ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। वहीं, शांति व्यवस्था के लिए लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव सदल बल मौजूद थे। मेला की सफलता पर काली पूजा समिति के अध्यक्ष चरकू साहू, संरक्षक गंगा साहू, जालंधर साहू आदि ने दर्शकों को बधाई दी।

## लापुंग में खुला भाजपा का चुनावी कार्यालय



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बिरसा चौक बेड़ों रोड पर शनिवार को भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्‌घाटन पार्टी के प्रवासी प्रभारी छतीसगढ़ के पूर्व विधायक डॉ खेलावन साहू ने किया। उन्होंने कहा कि झारखंड का विकास डबल इंजन की सरकार ही कर सकती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि मांडर से बाबा और बेबी (बंधु तिर्की और शिल्पी नेहा तिर्की) की बादशाहत को उखाड़ फेंकना है। वहीं, मुखिया संघ प्रदेश अध्यक्ष सोमा उरांव ने झारखंड सरकार, मांडर की वर्तमान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और बंधु तिर्की पर तीखा प्रहार किया। कहा कि वर्तमान सरकार ने भोले भाले आदिवासी और सदानों का विकास नहीं किया। लापुंग सहित पूरे झारखंड में भ्रष्टाचार और घूसखोरी चरम पर है। इस मौके पर अनुसूचित जनजाति प्रदेश सदस्य जगरनाथ भगत, रंजन अधिकारी, मांडर विधानसभा प्रभारी रिपुसुदन साहू, तुलसी साहू, जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो, सतीश साहू ने भी अपने-अपने विचार रखे। मंच का संचालन मंडल अध्यक्ष हरि मोहन साहू ने किया। इस मौके पर दुखहरण सिंह, नंदलाल साहू, सीता देवी, किश्वर साहू, प्रकाश गुप्ता, अनिल, कुमार साहू, पवन साहू और रविंदर उरांव आदि मौजूद थे।

## रेलवे अधिकारियों व सीओ को ग्रामीणों ने घंटों बंधक बनाया

**- समपार फाटक के पास धरने पर बैठे, मांगों पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी**

**इटकी (आजाद सिपाही)।** रेलवे स्टेशन के समीप संमपार को रेलवे विभाग की ओर से दो दिन पहले पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इससे नाराज स्थानीय लोगों-ग्रामीणों ने शनिवार को रांची-लोहरदगा रेलवे लाइन के समपार फाटक के पास धरने पर बैठ गये। जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। इसकी सूचना पाकर लोगों को समझाने मौके पर पहुंचे आरपीएफ के दर्जनों अधिकारियों-जवानों व इटकी सीओ को आक्रोशित लोगों ने करीब 3.5 घंटे तक बंधक बना लिया। गौरतलब हो कि उक्त सड़क से इटकी के लोगों को रातू, मांडर सहित राष्ट्रीय राजमार्ग 75 एवं बाईपास को जोड़ा गया है। वहीं, धरने पर बैठे ग्रामीणों की मांग है कि मार्ग को सीधा रहने दिया जाए। दूसरी ओर, रेलवे पुलिस बल की ओर एसआइ सूरज पांडे एवं देवेश कुमार सिंह, अंचल अधिकारी मोहम्मद अनीस ने आक्रोशित लोगों को समझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन लोग नहीं मानें। प्रदर्शनकारियों में महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। इसे देखते हुए आरपीएफ ने महिला पुलिस बल को बुला लिया था। पर प्रदर्शनकारियों ने किसी भी अधिकारी को अपने घेरे से बाहर आने नहीं दिया। वहींस, इस दिन अधिकारियों के साथ हुई बैठक भी विफल रही। प्रदर्शनकारियों ने रविवार को फिर से सड़क मार्ग को अवरुद्ध करने की चेतावनी दी है।

## टाटीसिलवे में सेवानिवृत्त सैनिक सम्मानित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के टाटीसिलवे में सूबेदार नागेश्वर महतो को बुके देकर स्वागत किया गया। गौरतलब है कि नागेश्वर 30 सालों से अपनी सेवा भारतीय थल सेना में देने के बाद शनिवार को सेवानिवृत्त होकर अपने घर पहुंचे थे। जहां भाजपा टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो एवं मंडल महामंत्री अमित कुमार मिश्रा की अगुवाई में उनका भव्य स्वागत किया गया। राजेंद्र महतो ने कहा कि पूर्व सैनिक ने अपना जीवन देश सेवा को दिया है। सैनिक देश का गौरव है। इसलिए इनका सम्मान किया जाना चाहिए। इस मौके पर काशीनाथ महतो, राजकुमार सिंह, गौतम कुमार, सिदाम सिंह मुंडा, महिराम महतो, जितेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो में डुकू तालाब की हुई साफ सफाई



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित डुकु तालाब घाट की साफ सफाई नवल किशोर सिंह की देख रेख में हुई। उन्होंने कहा कि नेम निष्ठा के महापर्व में छठ व्रतियों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसे लेकर घाट की सफाई करायी गयी है। तालाब घाट अगले दो-तीन दिनों के अंदर पूरी तरह सज-धज कर तैयार हो जाएगा, जहां छठ व्रती स्वच्छ वातावरण में पूजा कर सकेंगीं। रास्ते व तालाब के घाट लाइटिंग व बैरिकेटिंग की व्यवस्था होगी। मौके पर सोमरा लोहरा, फागु गोप, राजेश गोप मौजूद थे।

## पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न, रांची क्लब बना विजेता




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बड़ाम पंचायत के स्कूल मैदान में दीपावली सह सोहराई जतरा के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय बड़ाम चैपिंयन ट्राफी फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच का समापन शनिवार को हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अलावा पूर्व विधायक रामकुमार पाहन भी उपस्थित थे। फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मैच रांची क्लब बनाम आरजे स्पोर्ट्स नामकुम के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी शूटआउट में रांची क्लब की टीम विजयी रही। विजेता टीम रांची क्लब को दो लाख रुपये नगद और शील्ड, जबकि उपविजेता टीम आरजे स्पोर्टस नामकुम को 1.50 लाख नगद और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं, समाजसेवी सिताराम तिवारी एवं धर्मेंद्र बक्शी द्वारा तृतीय पुरस्कार के लिए लेजेंट एफसी होटवार को 30 हजार नगद व एक शील्ड और चतुर्थ पुरस्कार के लिए रांची फाइटर मासू को 30 हजार नगद व एक शील्ड देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष जकरियस गाड़ी, उपाध्यक्ष निखील दागल सार, कोषाध्यक्ष शंकर नायक, सचिव कल्याण टोप्पो, उपसचिव संदीप दास, बंधनु टोप्पो, उपकोषाध्यक्ष सत्यनारायण गोप, संतोष कुमार बड़ाईक, राजेंद्र महतो, अमित कुमार मिश्रा, बजरंग गोप, सुनील गोप, सिद्धार्थ मुंडा, स्तानिश बिहां, लालदेव सांगा आदि ने सराहनीय भूमिका निभायी।


**Format C-1**

**शपथ पत्र**

मैं, दुर्गा चरण प्रसाद, पिता-स्व० रामकेश्वर साव, उम्र लगभग 49 वर्ष, धर्म हिन्दु राष्ट्रीयता भारतीय, पेशा-कृषि, निवासी ग्राम जयनगर, सरैया टोला, पो०-सौन्दा 'डी' थाना-पतरातू, जिला- रामगढ़ (झारखण्ड) शपथपूर्वक निम्नलिखित रूप से बयान करता हूँ कि

1. यह कि मैं 22 बड़कागाँव विद्यानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्यासी हूँ।
2. यह कि मेरे विरुद्ध लम्बित मुकदमा पतरातु थाना कांड सं0-207/2012 दिनांक 27/09/2012 जिसमें न्यायालय द्वारा दफा-143/186/283/290 भा०द०वि० अर्थात दिनांक 01/03/2014 को संज्ञान लिया गया है। उक्त वाद में मैं जमानत पर हूँ तथा वर्तमान में उक्तवाद सुश्री आयशा सिंह सरदार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, रामगढ़ के न्यायालय में उपस्थिति के स्तर पर लम्बित है।
3. यह कि उपरोक्त शपथ पत्र मैं भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार समाचार पत्रो में प्रकाशन हेतु बनवा रहा हूँ।
4. यह कि उपरोका सभी बाते मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।

ह0/-
**दुर्गा चरण प्रसाद**
बड़कागाँव विधानसभा
झारखंड



**प्रारूप C-2**

**पार्टी द्वारा खड़े दिए गए अभ्यर्थीयों के आपराधिक पूर्वकृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

नाम :- **मनोज कुमार चन्द्रा**
राजनीतिक दल का नाम :- **झारखण्ड मुक्ति मोर्चा**
निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **26, सिमरिया (अ.जा.)**
राज्य का नाम : **झारखण्ड**

| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (A) लंबित अपराधिक प्रकरण | | (B) दंडनिय अपराध का दोषसिद्ध प्रकरणों के सम्बंध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम, प्रकरण संख्या एव प्रकरण (नो) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों के अनुभाग और अपराध (ओं) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम और आदेशों की तिथि (याँ) | अपराध (ओ) का विवरण और लगाया गया दंड | अधिकतम लगाया गया दंड |
| 1. | 26-सिमरिया विधानसभा (अ.जा.) | मनोज कुमार चन्द्रा | एस०डी० जे०एम०.कोर्ट, हजारीबाग, G.R. मामला सं०- 1822/2024 धारा 313 सी0 आर० पी० सी० के तहत बयान | आई०पी०सी०- 143/144/145/147/ 148/149/152/341/ 323/353/427/283/ 188/337 | सी० जे०एम० कोर्ट, चतरा, G.R. मामला सं०- 885/2016 मामला निपटाया गया (25.04.2022) | N.A | N.A |
| 2. | 26-सिमरिया विधानसभा (अ.जा.) | मनोज कुमार चन्द्रा | सी० जे०एम०. कोर्ट, हजारीबाग, Protest-मामला सं०- 1387/2019 आरोप से पहले सबूत | आई०पी०सी०- 149/323/365/362/ 354/386/120 (B) | N.A | N.A | N.A |
| 3. | 26-सिमरिया विधानसभा (अ.जा.) | मनोज कुमार चन्द्रा | एस० डी० जे०एम०. कोर्ट, हजारीबाग, G.R. मामला सं०- 1809/2024 हाजिरी | आई०पी०सी०- 143/144/145/147/ 148/188/283/341/ 323/353 | N.A | N.A | N.A |

ह0/-
**मनोज कुमार चन्द्र**
झारखण्ड मुक्ति मोर्चा
विधानसभा 2024


## हरिहरगंज में राजद के चुनावी कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज न्यू बस स्टैंड के समीप राजद के चुनावी कार्यालय का उद्‌घाटन प्रदेश सचिव रवि कुमार यादव ने शनिवार को किया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव की अध्यक्षता में चुनावी मुद्दे पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस दौरान रवि यादव ने राजद को सामाजिक न्याय की पार्टी बताते हुए दलितों, पिछड़ों का मान सम्मान और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी बताया। कहा कि राजद ही क्षेत्र का समुचित विकास कर सकती है। मौके पर अभय सिंह यादव, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, महादेव यादव, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, कृष्णा बैठा, राजकुमार पासवान, अशोक जायसवाल, लखन यादव, आनंद यदुवंशी, संजय यादव, सूरज यादव, रंजीत पासवान आदि मौजूद थे।

### सोहराय जतरा में शामिल हुई खोरहा टीमें

# झारखंड की सांस्कृति पहचान अखरा संस्कृति को बचाना होगा: जैलेंद्र कुमार



मांदर को थाप देकर थिरकते भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार व अन्य।

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गेतलसूद ब्लौरा में शनिवार को सोहराय जतरा का आयोजन किया गया। पाहन राजेश पाहन ने पूजा अर्चना की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार के अलावा विशिष्ट अतिथि प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया शांति मुंडा, सीताराम मुंडा, अजय उरांव शामिल हुए। जतरा में लेंभाटोली, परासटोली, करंजटोली, भाकुटुंगरी, बजरंग चौक, ब्लौरा, रेशम, बीसा की खोरहा टीम शामिल हुई। सभी ने अखरा संस्कृति को बचाने का संकल्प लिया। जतरा में शामिल सभी खोरहा टीमों को नकद व सरना झंडा देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष गौरीशंकर मुण्डा व संचालन शिवा महतो ने की। जैलेन्द्र कुमार ने जतरा स्थल की पूजा कर क्षेत्र की सुख शांति के लिए प्रार्थना की। कहा कि अखरा संस्कृति झारखंड की सांस्कृति पहचान है उसे बचाने की जरूरत है। इस अवसर पर सचिव रामू उरांव, कोषाध्यक्ष शिशु उरांव, शनिका उरांव, हेमंत महतो, गुलू उरांव, नटराज उरांव, बसंती कच्छप, सोनी टोप्पो, सुनामी कच्छप, आशाराम महतो, बंधन टोप्पो, हरिहर महतो, वीचा उरांव, बालसाय मुंडा आदि उपस्थित थे।

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने हुसैनाबाद एवं विशुनपुर में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में की जनसभा

# हेमंत सोरेन कमाल के जादूगर, पांच साल में उनकी उम्र सात साल बढ़ गयी : शिवराज

## कहा : झामुमो-कांग्रेस झूठों के सरदार, 5 साल के वादे 2 महीने के हो गये, पेपर लीक की होगी जांच

## झारखंड में एनडीए की सरकार बनते ही सलाखों के पीछे होंगे भ्रष्टाचारी, 2.87 लोगों को देंगे नौकरी

**झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार ने झारखंड की धरती को तबाह कर दिया, भाजपा ही राज्य में सुशासन का उदय करेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद/ लोहरदगा।** केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को हुसैनाबाद विस से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह और विशुनपुर विधानसभा से प्रत्यासी समीर उरांव के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। कहा कि झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी की गठबंधन सरकार ने पांच साल पहले 144 वादे किए थे, लेकिन इन अवधि में एक भी वादा पूरा नहीं किया। आरजेडी के नेता तो पहले झारखंड बनने का विरोध करते थे, और अब चुनाव से पहले झूठे वादे करने और जनता से वोट मांगने आ गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झामुमो ने झारखंड की धरती को तबाह-बर्बाद कर दिया है। झारखंड को संवारने का काम अब भाजपा की सरकार ही करेगी। इस दौरान हेमंत सोरेन पर भी कटाक्ष किया। कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री कमाल के जादूगर हैं। उन्होंने 2019 विदानसभा चुनाव के दौरान अपनी उम्र 42 साल बताई थी। अब 2024 में पांच साल हुए तो उसके हिसाब से उम्र 47 साल होनी चाहिए। लेकिन हेमंत सोरेन की गति देखिए कि पांच साल के बजाए उनकी उम्र सात साल बढ़ गई। अब कह रहे हैं कि 49 साल के हो गए। या तो इनको उम्र ही याद नहीं है, ये झूठ बोलने के आदी हैं। कहा कि जो उम्र तक गलत बता रहे हैं वो प्रदेश की जनता की भलाई और विकास कैसे कर सकता है। उन्होंने तो झारखंड को पूरी तरह लूट लिया है। वन, जल और खनिज संपदा से भरपूर सुंदर राज्य को बर्बाद कर दिया है। हेमंत सरकार तो मनरेगा और जल जीवन मिशन का तक पैसा डकार गई है। कहा कि झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी कभी झारखंड की जनता का भला नहीं कर सकते हैं।



भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह का स्वागत करते भाजपाई।

### भाइदूज पर बहनों को भाइयों का है इंतजार

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज भाई दूज है। मैं देश के साथ ही झारखंड और मध्यप्रदेश की बहनों को भाई दूज की शुभकामनाएं देता हूं। लेकिन कई बहनें झारखंड की ऐसी हैं जो अपने भाईयों के माथे पर भाई दूज का तिलक नहीं लगा पाएंगी, क्योंकि रोजगार और उत्पाद सिपाही की भर्ती के नाम पर झामुमो और इंडी गठबंधन की सरकार ने उनको ऐसा दौड़ाया कि, वो जिंदगी की जंग हार गए। ऐसी अव्यवस्थाएं, अमानवियता कभी देखी नहीं गई। 19 नौजवान जिनकी मां घर पर इंतजार कर रही थी कि, बेटा सिपाही की वर्दी पहनकर लौटेगा, लेकिन बच्चे कफन ओढ़कर घर लौटे। उनकी बहनें आज भी अपने भाई का इंतजार कर रही है। वो बहनें किसके माथे पर भाई दूज का टीका लगाएंगी। ये हादसा नहीं हत्या थी और इंडी गठबंधन की सरकार को जनता की अदालत में इसका जवाब देना पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री ने झारखंड सरकार पर निशाना साधा। कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड के नौजवानों के भविष्य से साथ खिलवाड़ किया है। यहां कई बार पेपर लीक हुए हैं। इसलिए झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही पेपर लीक मामले की जांच की जाएगी और दोषियों को जेल भेजा जाएगा। कहा कि भाजपा का संकल्प सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में दो लाख 87 हजार खाली पदों को भरने का प्रस्ताव स्वीकृत करने का है। कैलेंडर बनाकर तय किया जाएगा कि, कब परीक्षा होगी, कब रिजल्ट आएगा और कब नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि, 2 लाख 87 हजार भर्तियों के साथ साथ 5 लाख नए अवसर भी देंगे। कहा कि ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं को अच्छी नौकरी की तैयारी के लिए दो साल तक हर महीने दो हजार रुपये दिए जाएंगे। साथ ही कहा कि भाजपा के चुनाव प्रभारी के नाते वचन देने आया हूं कि, पार्टी जो कहती है वो करती भी है। मध्यप्रदेश में लाड़ली बहना योजना पूरे देश में भाजपा की सरकार ने सबसे पहले शुरू की है। हर महीने बहनों के खाते में राशि डाली जा रही है। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, असम और ओडिशा सहित कई राज्यों में भाजपा की सरकार अलग-अलग नामों से बहनों को सम्मान देने की योजना चला रही है। कहा कि, झारखंड की बहनों को भी मुस्कुराने का अधिकार है, इसलिए भाजपा की सरकार बनते ही हर महीने की 11 तारीख को बहनों के खाते में 2100 रुपए की राशि दी जाएगी। इसके अलावा शिवराज सिंह ने कहा कि, झारखंड में बेटियां सुरक्षित नहीं है। विदेशी घुसपैठिए झारखंड में धड़ल्ले से आ रहे हैं। झामुमो की सरकार, घुसपैठिए लेकर आ रही है। मतदाता सूची में उनका नाम लिखवाती है, उनके आधार कार्ड बनवाती है, क्योंकि वो इनके वोट बैंक है। ये विदेशी घुसपैठिए हमारी आदिवासी बेटियों को भ्रम में डालते हैं, उनसे शादी करते हैं, उनके नाम पर जमीन खरीदी जाती है और पंचायत पर कब्जा किया जाता है। कहा कि, झारखंड वासियों ये चुनाव केवल किसी सत्ता के स्वर्ण सिंहासन पर बैठने का नहीं, बल्कि झारखंड की धरती को बचाने का है। याद रखना ये बेईमान सरकार फिर से आ गई तो 5 साल में झारखंड को पूरी तरह तबाह और बर्बाद कर देगी। झारखंड में रोटी, माटी, बेटी सुरक्षित नहीं है, यहां सिर्फ भाजपा की सरकार ही रोटी, माटी, बेटी को सुरक्षित करेगी,

### कमलेश को जिता कर बनायें राज्य में मजबूत सरकार : वीडी राम

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। साथ ही भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह को जिताने का आह्वन किया। कहा कि पलामू में सोन व कोयल नदी समेत कई नदियां है। केंद्र सरकार ने इसके पानी को रोक कर किसानो के खेत तक पहुंचाने के लिए योजना बनाई गई है। लेकिन हेमंत सरकार ने इस योजना को भी खत्म कर दिया। मंडल डैम अधूरा पड़ा है। कुछ काम बचे हुए है। केंद्र सरकार ने मुआवजा के पैसे भेज दिया। लेकिन सरकार ने इसे भी पूरा नहीं किया।

### युवा स्वस्थ रहेंगे, तो शहर स्वस्थ रहेगा: अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने चैनपुर टाइटन कोर फिटनेस सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हमारे शहर में कई अतिआधुनिक फिटनेस सेंटर खुल रहे हैं। जहां युवा खुद को स्वस्थ एवं तंदुरुस्त बना रहे। जिस शहर के युवा स्वस्थ रहेंगे वह शहर स्वस्थ रहेगा। प्रथम महापौर ने कहा कि दीपावली समाप्त हुई है अब हिंदुओं का महापर्व छठ शुरू होने वाला है। मैं हर समाजसेवी संस्था एवं युवाओं से अनुरोध करूंगी कि अपने शहर की सफाई में लग जायें, ताकि मां-बहनें अच्छे से छठ पर्व मना सकें। प्रथम महापौर ने कहा कि छठ घाटों की सफाई के लिए जिन्हें भी जेसीबी की जरूरत हो मुझसे संपर्क करें मैं उपलब्ध कराऊंगी। इस मौके पर हीरालाल गुप्ता, शिवम गुप्ता, मनोज गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, राज गुप्ता, संतोष गुप्ता, कृष्ण प्रसाद, प्रतिमा गुप्ता, सरोज देवी, कन्हाई प्रसाद, सत्यम गुप्ता, ईश्वर चंद्र प्रसाद, किरण देवी, प्रतिमा देवी और रिंकी देवी आदि उपस्थित थे।


**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

**As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)**

Name of the Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)**
Name of the Election: **JHARKHAND STATE ASSEMBLY- 2024**
Name of the State/UT: **JHARKHAND**

I **Ramdas Soren** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| 1 | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & Stats of the Case (S) | Sections of The Acts Concerned & Brief Description of offence (S) | Name of Court & Dates (S) of Order (s) | Description of Offence (S) & Punishment Imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 45- Ghatsila (ST | Ramdash Soren | Court of J.M 1st Class Jamshepur | 147/353/504/506/290/291/283 of IPC The case is relating to show black flag to Prime Minister of India Mr. Narendra Modi hence the FIR | NA | NA | NA |
| 2 | 45- Ghatsila (ST) | Ramdas Soren | Court of Supriya Rani Tigga, J.M. cum Special I Court MP/MLA at Chaibasa | 171/188/34 of IPC The case is relating violation of model code of conduct | NA | NA | NA |

In the case of election to Council of States or election of Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/-
**RAMDASH SOREN**
**JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)**
**JHARKHAND**


### आजाद समता पार्टी के कई नेता-कार्यकर्ता ओबीसी एकता अधिकार मंच में शामिल

# शत्रुघ्न कुमार ने किया ब्रह्मदेव प्रसाद के समर्थन का ऐलान

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ओबीसी एकता अधिकार मोर्चा के विश्रामपुर कार्यालय में शनिवार को मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बसपा व आजाद समता पार्टी के कई नेता एवं कार्यकर्ता ओबीसी एकता अधिकार मंच में शामिल हो गए। इसमें बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता और आजाद समाज पार्टी के गढ़वा जिलाध्यक्ष रवींद्र कुमार रवि शामिल हैं। वहीं झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने भी प्रत्यासी ब्रह्मदेव प्रसाद को चुनाव में समर्थन देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशी अपने-अपने पार्टी के एजेंडे से बंधे हुए हैं। जबकि ब्रह्मदेव प्रसाद यहां के माटी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने आम लोगों से चहुमुखी विकास के लिए ब्रह्मदेव प्रसाद को जिताने की अपील किया।



उदर, बसपा के पूर्व पलामू जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि पिछले 35 वर्षों से बसपा में रहकर विभिन्न दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन किया। लेकिन पार्टी के प्रदेश प्रभारियों ने हमेशा कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की। जिस कारण आज एक भी पुराना कार्यकर्ता बसपा प्रत्यासी राजन मेहता के साथ नहीं है। अब हम सब मिलकर बीडी प्रसाद को जीताने की मुहिम में जुट गए हैं। वहीं, आजाद समाज पार्टी के गढ़वा जिलाध्यक्ष रविंद्र कुमार रवि ने कहा कि बसपा अपनी विचारधारा से बिल्कुल भटक गयी है। दूसरी ओर, ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। लोगों के स्नेह से नया जीवन मिला है। कहा कि पहले जन्म में उन्होंने परिवार के लिए काम किया, लेकिन मेरा नया जीवन जनता को समर्पित है। ओबीसी, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यकों के हक की लड़ाई अंतिम दम तक लड़ेंगें। जनता का आशीर्वाद मिला तो वे हक अधिकार दिला कर रहेंगे। मौके पर मजदूर नेता विनोद कुमार, प्रशांत ठाकुर, गोरख चौधरी, नंदु चंद्रवंशी, गिरजा प्रसाद विश्वकर्मा, सिराजुद्दीन अंसारी, विनोद विश्वकर्मा आदि थे।

### भाजपा का खुला चुनावी कार्यालय, कमलेश सिंह को जिताने का संकल्प

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहरी के पंच मंदिर के समीप मेन रोड किनारे शनिवार को भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन विनय सिंह उर्फ बिनु सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष गणेश शौंडिक और एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से किया। भाजपा नेता ने कहा कि कुछ विपक्षी नेताओं द्वारा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह के विरुद्ध कार्यकर्ताओं को भ्रमित किया जा रहा है। इनसे सावधान रहते हुए वोट की चोट से उन्हें मुंह तोड़ जवाब देना है। कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की लहर चल रही है। प्रत्याशी कमलेश सिंह की रिकॉर्ड मतों से जीत होगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, मुन्ना विश्वकर्मा, गणेश सौंडिक और दिनेश गुप्ता आदि थे।


**Format C-1**

**Declaration about criminal cases**
(for candidate to publish in Newspapers, TV)
(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011(Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **Mukesh Kumar Sukla, Vill-Saharkol, Pakur, jharkhand, 816107.**
Name of political party: **independent**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election: **Jharkhand Legislative Assembly Election 2024**
*Name of Constituency: **05- Pakur, jharkhand.**
1. **Mukesh Kumar Sukla** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare
for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Sdjm, sahibganj | GR No.352/22 | pending | u/s 385,504,506, ipc |
| | - | - | - | - |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |

"In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 03 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# बिरंची नारायण रिकॉर्ड मतों से तीसरी बार भी जीतेंगे : ढुल्लू

## भाजपा ही झारखंड का कर सकती हैं विकास : नितिन नवीन

आजाद सिपाही संवाददाता



सांसद ढुल्लू महतो व बिहार के मंत्री नितिन नवीन का स्वागत करते बिरंची नारायण।

**बोकारो।** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की गतिविधियां तेज हो गयी हैं। बोकारो विधानसभा के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन सांसद ढुल्लू महतो ने किया। इस दौरान मौके पर कलस्टर प्रभारी बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन, अजित कुमार महतो, सह संयोजक प्रकाश सिंह और मुकुल ओझा मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि बोकारो विस में लगातार तीसरी बार कमल खिलेगा। एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी बिरंची नारायण रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगे। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं जिससे वो जनता के पास जाकर वोट मांग सके। कहा कि भाजपा विकास के नाम पर वोट मांग रही है। उनके किये गए कार्य से शहर ले सकर गांव तक के लोग प्रभावित है। केंद्र की मोदी सरकार के साथ ही झारखंड के रघुवर दास की सरकार के दौरान लायी गयी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर बूथो पर जनसंपर्क अभियान में जुट जाने का आह्वान किया। हेमंत सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राज्य की कांग्रेस-झामुमो गठबंधन सरकार से जनता काफी नाखुश है। झूठे वादे के साथ राज्य में सरकार बनाई पर कोई वादा पूरा नहीं किया। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के प्रति जनता का पूरा विश्वास है। हमे बस जनसंपर्क कर उन्हें भाजपा के पक्ष में 20 नवंबर को मतदान करने का आग्रह करना है। दूसरी ओर, मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि हमारा बूथ सबसे मजबूत अभियान के साथ कार्यकर्ता जनसंपर्क में जुड़ जाय। जनता ने भी मन बनाया है राज्य में भाजपा सरकार की जरूरत है। भाजपा ही झारखंड का विकास कर सकती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक कमलेश राय व संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने की। इस मौके पर बोकारो विधानसभा कोर व संचालन समिति के सभी सदस्य, जिला पदाधिकारी, सभी 9 मंडलों के अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

## जियलगोरा में जोड़ापोखर के युवक की हत्या



**जोड़ापोखर/झरिया (आजाद सिपाही)।** जोरापोखर थाना अंतर्गत जियलगोरा के सात नंबर चानक के निकट सामुदायिक भवन के पास शुक्रवार की रात अज्ञात बदमाशों ने सुंदर नगर निवासी पिंटू राय (27) की ईंट पत्थर से मारकर हत्या कर दी। साथ ही पहचान छिपाने के उद्देश्य से अपराधियों ने पिंटू के चेहरे को पत्थर से कुचल दिया था। इसकी सूचना पाकर जोरापोखर पुलिस मौके पर पहुंची और खून से लथपथ शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। मृतक पांच भाई है। मृतक के भाई चिंटू राय ने पिंटू की हत्या के लिए उसके दोस्त एवं भाइयों पर कई आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत की है। वहीं, संदेह के आधार पर पुलिस ने जियलगोरा सात नंबर निवासी विजय बाउरी और राजू बाउरी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## झामुमो समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध: कल्पना



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** झामुमो ने शनिवार को हरसिंह रायडीह में गांडेय विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन, ने किया। मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद और झामुमो गिरिडीह जिलाध्यक्ष संजय सिंह भी थे। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन ने जनता से पार्टी को समर्थन देने की अपील की। कहा कि झामुमो क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने भी सभी से सहयोग का आह्वान किया, जिससे गांडेय का विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# धनबाद जिले की सभी छह सीटों पर आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशियों की होगी जीत : अजीत शर्मा

**विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद जिला आइएनडीआइए गठबंधन प्रत्यासियों की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को जिले के आइएनडीआइए गठबंधन के सभी प्रत्याशियों व नेताओं की बैठक सहजानंद सरस्वती ट्रस्ट में हुई। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और संचालन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सचिव मनू आलम ने किया। बैठक में राष्ट्रीय कांग्रेस के धनबाद जिला ऑब्जर्वर सह भागलपुर विधायक अजीत शर्मा के अलावा धनबाद विस के प्रत्याशी अजय कुमार दुबे, झरिया प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह, टुंडी प्रत्याशी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, निरसा विधानसभा प्रत्याशी अरुप चटर्जी, सिंदरी प्रत्याशी बबलू महतो के अलावा आइएनडीआइए गठबंधन के घटक दल के सभी नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर गठबंधन के सभी प्रत्याशियों ने सामूहिक रूप से कहा कि धनबाद जिले के सभी विधानसभा सीटों पर आइएनडीआइ गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। सभी विधानसभा क्षेत्र में गठबंधन का संगठन सशक्त व मजबूत है। वक्ताओं ने कहा कि देश महंगाई-बेरोजगारी और आर्थिक संकटों से जूझ रहा है। भाजपा के प्रति लोगों का मोहभंग हुआ और आइएनडीआइए गठबंधन के प्रति लोगों का विश्वास जगा है। आइएनडीआइए गठबंधन की वर्तमान झारखंड सरकार में बेहतरीन के लिए कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, कृषि ऋण माफ, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, बकाया बिजली बिल माफ, वृद्धा पेंशन, गुरुजी क्रेडिट कार्ड आदि कई योजनाएं लागू कर जनता को लाभ पहुंचाया है। राज्य में लोग हेमंत सरकार के कार्यों से प्रभावित हैं। निश्चित रूप से सभी विधानसभा सीटों पर आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत होगी। नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से अपनी मतभेद भूलाकर एकजुटता के साथ आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्य में जुट जाने का आह्वान किया गया। वहीं, धनबाद जिला के ऑब्जर्वर सह भागलपुर विधायक अजीत शर्मा ने कहा कि जिले के सभी विधानसभा सीटों पर आइएनडीआइए गठबंधन काफी सशक्त और मजबूत है। निश्चित रूप से इस विधानसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन की सभी विस पर ऐतिहासिक जीत होगी। इस मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, राजद जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी आदि उपस्थित थे।


## समाहरणालय, सिमडेगा।
(निर्वाचन कोषांग)
(विधानसभा आम निर्वाचन, 2024)
–:अधिग्रहण आदेश:–

विधानसभा आम चुनाव, 2024 के मददेनजर पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा के पत्रांक 366/चु0को0, दिनांक 01.11.2024, 367/चु0को0, दिनांक 01.11.2024 एवं 368/चु0को0, दिनांक 01.11.2024 के आलोक में JAP/CAPF/DAP/HG बलों के ठहराव हेतु चिन्हित विद्यालय/कॉलेज एवं छात्रावासों को अधिग्रहण करने का अनुरोध किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत है:–

| क्र0 | बल का प्रकार | थाना/ओ0पी0 का नाम | आवासन हेतु चिन्हित भवन क नाम | अधिग्रहण की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | JAP | ठेठईटांगर थाना | एस0एस0+2 हाई स्कूल जोराम | दिनांक 05.11.2024 से चुनाव समाप्ति तक |
| | | कुरडेग थाना | होली फेमली स्कूल कुरडेग | |
| | | कोलेबिरा थाना | प्रस्तावित उच्च विद्यालय, टुटीकेल | |
| 2 | CAPF | पाकरटांड़ थाना | आर0सी0 मध्य वि0, क्रुसकेला | दिनांक 03.11.2024 से चुनाव समाप्ति तक |
| | | ठेठईटांगर | जी0ई0एल0 मध्य वि0, कोरोंजो। | |
| | | | रा0म0वि0 बम्बलकेरा | |
| | | महाबुआंग थाना | जनता उच्च वि0, जितुटोली | |
| | | जलडेगा थाना | रा0म0वि0 परबा | |
| | | बानो थाना | रा0उ0उ0वि0 केबेटांग | |
| | | | राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, हाटिंगहोड़े | |
| | | | रा0 उत्क्र0म0वि0 टकवा | |
| | | | रा0उत्क्र0उच्च वि0 डुमरिया | |
| | | बांसजोर ओ0पी0 | अल्पसंख्यक म0वि0 बोंगेरा | |
| | | गिरदा ओ0पी0 | आर0सी0 मध्य वि0, गिरदा | |
| 3 | DAP/HG | बानो थाना | एस0एस0 उच्च विद्यालय, बानो | दिनांक 09.11.2024 से चुनाव समाप्ति तक |
| | | महाबुआँग थाना | रा0उ0मध्य विद्यालय महाबुआंग | |
| | | गिरदा ओ0पी0 | राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, हूरदा | |
| | | पाकरटांड़ थाना | रा0म0वि0 पाकरटांड़ रामलोया | |
| | | सिमडेगा थाना | एस0एस0+2 उ0वि0, सिमडेगा | |
| | | मुफ्फसिल थाना | राजकीय प्रा0वि0 कुल्लुकेरा | |
| | | | राजकीय म0वि0 कोचेडेगा | |
| | | केरसई थाना | एस0एस0+2 स्कूल केरसई | |
| | | कुरडेग थाना | एस0 एस0+2 स्कूल परकला | |
| | | | निर्मला उच्च विद्यालय, खालीजोर | |
| | | कोलेबिरा थाना | संत जेवियरर उ0वि0 बरवाडीह | |
| | | | एस0एस0+2 उ0वि0 कोलेबिरा | |
| | | जलडेगा थाना | एस0एस0+2 हाई स्कूल जलडेगा | |
| | | | जयन्ति हाई स्कूल गांगुटोली | |
| | | | धनुर्जय सिंह देव+2 उ0वि0 लम्बोई | |
| | | ओड़गा ओ0पी0 | रा0उत्क्र0 उ0 वि0 डुमरमुण्डा | |
| | | ठेठईटांगर थाना | आर0सी0 मध्य वि0 जामपानी | |
| | | | आर0सी0 प्रा0वि0 पण्डरीपानी | |
| | | रेंगारीह थाना | प्रा0वि0 पाईकपाना सुनाटोली | |
| | | बोलबा थाना | रा0प्रा0वि0 पाकरबहार भवन–1 | |
| | | | एस0एस0–2 हाई स्कूल पाकरबहार भवन–2 | |

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मै अजय कुमार सिंह (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, सिमडेगा, विधानसभा आम चुनाव, 2024 के निमित उपरोक्त कॉलम 04 में उल्लेखित विद्यालयों/कॉलेजों एवं हॉस्टलों के परिसर एवं भवनों को सभी उपस्करों सहित कॉलम 05 में अंकित अवधि तक के लिए अधिग्रहण करता हूँ।

उप निर्वाचन पदाधिकारी,
सिमडेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, सिमडेगा।

PR 339796 Simdega(24-25)D



## Format C 2

*(For political party to publish in website, newspapers, TV)*

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

*(As per the judgment dated 25" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Publicinterest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party: **AJSU PARTY**

* Name of Election : **JHARKHAND STATE ASSEMBLY ELECTIONS, 2024**

Name of State/ UT: **JHARKHAND**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal Cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & Status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| **1** | **34– Gomia** | **Shri Lambodar Mahto** | **JMFC - Spl Judge MP/MLA Case, Ranchi**<br><br>**MP/MLA Case No. 5/2023 arising out of Lalpur P.S. Case No. 201/2021**<br><br>**Stage: Police Paper** | **Offence u/s 147, 149, 341, 323, 332, 353 IPC (Case relating to Unlawful Assembly, Unlawful Restraint Rioting etc.)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **JMFC - Spl Judge MP/MLA Case, Ranchi**<br><br>**Nagari P.S. Case No. 36/2022**<br><br>**Stage: Under Investigation** | **Offence U/s 143, 149, 341, 323, 186, 188, 353 IPC**<br><br>**(Offence related to Wrongful Restraint & disobedience of publicservant orders)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **ADJ – III cum Spl Judge SC ST Act, Bokaro**<br><br>**Sector 4 SC/ST P.S. Case No. 23/2023**<br><br>**Stage:Under Investigation** | **Offence u/s 323, 504, 506, 34 IPC 3(1)(R) of the SC/ST ((Prevention of Atrocities) Act, 1989) Act. (Offence related to voluntarily causing hurt and criminal intimidation)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **JMFC, Tenughat Kasmar P.S. Case No. 135/2022 Stage: Under Investigation** | **Offence u/s 341, 323, 427, 507, 506, 34 IPC (Offence related to Wrongful Restraint)** | **NA** | **NA** | **NA** |

## ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने किया बलांगीर जिले दौरा

# 890 करोड़ की 83 परियोजनाओं का किया शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को बलांगीर जिले के दो दिवसीय दौरे पर बेलपड़ा और पाटणागढ़ में 890 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उनका उद्घाटन किया। उन्होंने सिंचाई, स्वास्थ्य अवसंरचना, पाइप जलापूर्ति परियोजनाओं, पुल निर्माण परियोजनाओं और सड़क निर्माण परियोजनाओं से संबंधित कुल 83 परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखी। उन्होंने बेलपड़ा और पाटणागढ़ में दो जनसभाओं को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले 65 करोड़ रुपये की लागत से तुषुरा हवाई पट्टी पर 1330 मीटर के हवाई पट्टी रनवे के उन्नति करण कार्य की आधारशिला रखी। उन्नति करण के बाद, हवाई पट्टी को 2-बी श्रेणी में शामिल किया जाएगा और बलांगीर और भुवनेश्वर के बीच सीधी हवाई यात्रा को सक्षम बनायेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बेलपड़ा प्रखंड में 300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजना लागत से अपर लांथ सिंचाई परियोजना के उन्नयन की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना बेलपड़ा प्रखंड और बलांगीर जिले की जल समस्या को हल करने की दिशा में एक मजबूत कदम है और इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जायेगा। अपर लांथ सिंचाई परियोजना बेलपड़ा और बलांगीर जिलों में सिंचाई में क्रांति लायेगी। लांथ नदी पर 2,495 मीटर



लंबे बांध में जलविद्युत इकाइयों के माध्यम से 210 किलोवाट बिजली पैदा करने का भी प्रावधान होगा। इस परियोजना के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी। जिले के लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बलांगीर जिला पश्चिम ओडिशा का प्राण केंद्र है. हमारी सरकार पिछले 75 वर्षों के अन्याय और विकास असमानता को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने जिले में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पाटणागढ़ उप-मंडल चिकित्सालय और डायलिसिस केंद्र और टिटलागढ़ में एक डायलिसिस केंद्र का उद्घाटन किया।

उन्होंने पाटणागढ़ की बहुप्रतीक्षित बाईपास सड़क की आधारशिला भी रखी। 118 करोड़ रुपये की परियोजना लागत से बनायी जाने वाली बाईपास सड़क में 4 लेन की मुख्य सड़क, सुवर्णरेखा और मावती नहर पर दो पुल और 28 नये बॉक्स सेल पुलिया होंगे।

मुख्यमंत्री ने बलांगीर में 8 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से नये सर्किट हाउस का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री कनक वर्धन सिंह देव ने कहा कि इस अपर लांथ परियोजना में मुख्यमंत्री और मेरे विभाग दोनों शामिल हैं और इस परियोजना पर काम बहुत जल्द पूरा हो जायेगा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, इलेक्ट्रॉनिक्स और आइटी मंत्री डॉ मुकेश महालिंग, लोकसभा सांसद संगीता कुमारी सिंह देव, राज्यसभा सांसद निरंजन बिशि, कंटाबांजी विधायक लक्ष्मण बाग और बलांगीर के जिलापाल गौरम शिवाजी इसलबार उपस्थित थे।

## भारतीय खाद्य निगम भुवनेश्वर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का किया गया आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 खाद्य निगम भारत, क्षेत्रीय कार्यालय भुवनेश्वर में 28 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मनाया गया। वेव-24 के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गयीं, जैसे कि कर्मचारियों का प्रशिक्षण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद- विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, हितधारकों के साथ बैठक, नुक्कड़ नाटक आदि ताकि जागरूकता बढ़ायी जा सके। समापन समारोह के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष भी. शुर्ती, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सीबीआइ, एसीबी शाखा,



भुवनेश्वर ने शुक्रवार को अपने विचार और अनुभव साझा किये। उन्होंने पूर्ण ईमानदारी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जागरूकता उत्पन्न करने के महत्व पर जोर दिया और इसे जीवन का एक अभिन्न अंग बनाने का अपील की, ताकि भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाया जा सके। भारतीय खाद्य निगम के महाप्रबंधक निहार रंजन प्रधान ने निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जिम्मेदारी के साथ और निष्पक्ष तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपिल की, ताकि अपेक्षित परिणाम प्राप्त किये जा सके। इस अवसर पर अभिनव आनंद, उप महाप्रबंधक ने मुख्य अतिथि, अधिकारियों और कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाया।

## इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल -2 ने पिंक अक्टूबर अभियान चलाया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पिंक अक्टूबर अभियान 29 अक्टूबर को भुवनेश्वर में राष्ट्रीय राजमार्ग 16 के पास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल -2 द्वारा शुरू किया गया था। प्रो (डॉ) प्रसेनजीत महांति अस्पताल के डीन, डॉ अरक्षित स्वाइं चिकित्सा अधीक्षक, प्रो (डॉ) राजेश कुमार लेंका अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक, डॉ सिद्धार्थ गौतम और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के मुख्य प्रोफेसर (डॉ) पद्मालया देवी कार्यक्रम में संबोधित किया। विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर (डॉ) गरिमा सरावगी ने ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया। कार्यक्रम में आईएसएस और सम हॉस्पिटल-क्कके प्रथम बैच के एमबीबीएस छात्रों ने विभिन्न पोस्टर स्लोगन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। यह अभियान स्तन कैंसर जागरूकता और स्वास्थ्य देखभाल के प्रति समर्पित दृष्टिकोण के साथ आइएसएस और सम अस्पताल द्वारा आयोजित किया गया था।

## सत्यनिष्ठा के आह्वान के साथ पूर्व तट रेलवे में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति विषय के तहत मनाया जाने वाला सप्ताह भर चलने वाला सतर्कता जागरूकता सप्ताह आज पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) में संपन्न हुआ। महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल ने अतिरिक्त महाप्रबंधक महेश कुमार बेहेरा और प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ समापन समारोह का नेतृत्व किया और सार्वजनिक सेवा में ईमानदारी और पारदर्शिता के महत्व पर जोर दिया। समारोह के दौरान, श्री फूंकवाल ने पूर्व तट रेलवे के सतर्कता विंग द्वारा आयोजित ऑन-द-स्पॉट निबंध, वाद-विवाद और




पेंटिंग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों, उनके बच्चों और विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किये। श्री फूंकवाल ने कहा कि ईमानदारी सिर्फ एक नीति नहीं है बल्कि एक संस्कृति है जिसे हम सभी को अपनाने की जरूरत है। अपने कार्यबल और समग्र रूप से इन मूल्यों को विकसित करके, हम एक समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईस्ट कोस्ट रेलवे के साथ, हम इस क्षेत्र में भविष्य के विकास के रुझान को आकार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग सदैव राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य कर पूर्ण अखंडता प्रदान करते हैं। पूर्व तट रेलवे के मुख्य सतर्कता अधिकारी बिजय कुमार मिश्र ने इस सप्ताह भर चलने वाले अनुष्ठान के सफल संचालन के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## सोआ में सौर ऊर्जा पर दो दिवसीय टीपीसीओडीएल प्रशिक्षण कार्यक्रम



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। देश को ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा 28 और 29 अक्टूबर को 'ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर सिस्टम' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टाटा पावर सेंट्रल ओडिशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीसीओडीएल) द्वारा प्रायोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' कार्यक्रम को लागू करना है। इसका मुख्य उद्देश्य देशभर में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देकर सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करना है। यह प्रशिक्षण नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरइ) द्वारा चयनित राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआइ) के साथ साझेदारी में ओड़िशा में आयोजित किया जा रहा है। यह सोआ द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च (आइटीइआर) में आयोजित किया गया था। कार्यशाला का उद्घाटन प्रो रेणु शर्मा डीन (छात्र मामले) आइटीइआर, बुद्धिश कुमार बेहेरा वरिष्ठ महाप्रबंधक (एचआर) और प्रमुख एल एंड डी ओड़िशा डिस्टकॉम और मोतीलाल सेनापति उप निदेशक एनपीटीआइ दुर्गापुर की उपस्थिति में किया गया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

खुली निविदा बैच संख्या– 43/2024 दिनांक 30.10.2024, आईआरईपीएस–www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14.00 बजे है।

1. निविदा सं. : 39245852. 2. सामग्री का संक्षिप्त विवरण : सप्लाई एंड कमीशनिंग ऑफ हाइड्रोलिक रिरेलिंग इक्विपमेंट एस पर ईसीआर/एचआरई/2023 (बेस्ड ओन कोफमो स्पेसिफिकेशन न. कोफमो/आईआर/एचआरई/2022, आरईवी. 0)। 3. मात्रा : 03 Set. 4. निविदा जारी करने की तिथि एवं समय : 30 अक्टूबर 2024 12:35 बजे। 5. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 16 दिसम्बर 2024 14:00 बजे। प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस–www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

व. मंडल सामग्री प्रबंधक/
पूमरे/धनबाद

पीआर/01441/डीएचएन/भंडार/टी/24–25/36

## चौथे चरण की 'सुभद्रा' की राशि दिसंबर में मिलेगी : डिप्टी सीएम



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नवंबर के अंतिम सप्ताह में 20 लाख से अधिक लाभार्थियों को 'सुभद्रा' राशि मिलेगी, जबकि 'सुभद्रा' राशि का चौथी किस्त दिसंबर में मिलेगी। उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने कहा कि दिसंबर के अंत तक 1 करोड़ से अधिक महिलाओं को पैसा मिलेगा। खारिज आवेदन की दोबारा जांच की जिम्मेदारी बीडीओ नोडल एजेंसी की होगी। जिलावारी में जिला मंगल अधिकारियों की तीन सदस्यीय कमेटी बनायी गयी है। अयोग्य लाभुकों को आंगनबाडी दीदी के माध्यम से नोटिस दिया जायेगा।

## एम्स भुवनेश्वर ने दूसरा वार्षिक अनुसंधान दिवस और पहला क्षेत्रीय अनुसंधान सम्मेलन मनाया

- मूल्य आधारित और साक्ष्य आधारित चिकित्सा को एकीकृत करने का महत्व : समय की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर ने अपने मिशन की आधारशिला के रूप में अनुसंधान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए गर्व के साथ अपना दूसरा वार्षिक अनुसंधान दिवस मनाया। इस वर्ष, संस्थान ने जैव चिकित्सा अनुसंधान में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रीय संस्थानों को एकजुट करते हुए अपने उद्घाटन क्षेत्रीय अनुसंधान सम्मेलन की मेजबानी करके एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया।

एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फंडिंग एजेंसियों से अनुसंधान अनुदान में लगभग 15 करोड़ रुपये हासिल करने और उच्च प्रभाव वाली पत्रिकाओं में सालाना 1,000 से अधिक प्रकाशनों के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ एम्स भुवनेश्वर चिकित्सा अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ बिस्वास ने कहा कि आइआइटी भुवनेश्वर के साथ सहयोग से कृत्रिम बुद्धिमत्ता में कई शोध परियोजनाओं की शुरुआत हुई है। डब्ल्यूएचओ के दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र (एसइएआर) में संचारी रोगों के पूर्व निदेशक डॉ स्वरूप सरकार ने वैश्विक स्वास्थ्य अवधारणाओं पर श्रोताओं को जानकारी दी। वैश्विक स्वास्थ्य निधि में गिरावट के साथ डॉ सरकार ने जोर देकर कहा कि भारत नयी दवाओं, नैदानिक परीक्षणों और टीकाकरण के विकास में अग्रणी होने की अनूठी स्थिति में है।

कोलकाता के न्यूरोसाइंसेज संस्थान में न्यूरोटोलॉजी के निदेशक डॉ अनिरबन बिस्वास ने कहा कि शोध को आम समस्याओं को संबोधित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सड़क पर रहने वाला व्यक्ति हमारे निष्कर्षों से लाभान्वित हो।

उत्कृष्ट शोध योगदान के सम्मान में न्यूरोलॉजी के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ संजीव कुमार भोई को पेरिफेरल न्यूरोपैथी कुष्ठ रोग (पीएनएल) पर उनके महत्वपूर्ण कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र का पुरस्कार मिला, जिसमें त्वचा कुष्ठ रोग की तुलना में इसके कारण होने वाली अक्सर अज्ञात रुग्णता पर प्रकाश डाला गया। साथ ही, शोध के क्षेत्र में विभिन्न अन्य पुरस्कार संकाय और निवासियों को दिये गये। इस कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा डॉ पीआर मोहपात्रा (डीन अकादमिक), डॉ सत्यजीत मिश्रा (डीन रिसर्च), डॉ सौभाग्य कुमार जेना (डीन परीक्षा) और डॉ भागीरथी द्विवेदी (एसोसिएट डीन रिसर्च) भी शामिल हुए। यह वार्षिक शोध दिवस और क्षेत्रीय सम्मेलन पूरे क्षेत्र में समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवा को बढ़ाने के उद्देश्य से सहयोगी अनुसंधान की संस्कृति को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## संबलपुर फोटोग्राफर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने अक्षय कुमार पांडा



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर फोटोग्राफर्स एसोसिएशन ने 28 अक्टूबर को शाम 5 बजे सभी 120 सदस्यों के साथ ऑनलाइन चुनाव आयोजित किया। इसमें से 87 सदस्यों ने मतदान किया। चुनाव कराने के लिए निकेत मेहता को चुनाव आयुक्त के रूप में चुना गया। उन्हें कार्यमुक्त करने के लिए चार अन्य (आशीष कुमार प्रधान, सत्यजीत पांडा, मोहम्मद इकबाल, मनोज कश्यप) को नियुक्त किया गया। पांच सदस्यीय मतगणना प्रक्रिया के आधार पर निम्नलिखित व्यक्ति को संबलपुर फोटोग्राफर एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय कुमार पांडा, उपाध्यक्ष बिपिन नायक, सचिव तपन दास, संयुक्त सचिव नरेश सिंह, कोषाध्यक्ष निकेत मेहता के रूप में चुना गया है। फोटोग्राफर्स एसोसिएशन को उनके नेतृत्व में नयी ऊंचाइयों पर ले जाने की आशा है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**